विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 53 | कोरबा, रविवार, दिनांक 23 नवंबर 2025 डाक 24 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
जंतर-मंतर पर आवारा कुत्तों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जानवरों से प्यार करने वाले लोग प्लेकार्ड पकड़े हुए हैं...



**देश-विदेश**
अमेरिका की अड़चन के बावजूद जी-20 घोषणापत्र अपनाया गया, दक्षिण अफ्रीका ने कहा- यह हमारे लिए एक महान पल है



**फीचर पेज**
सर्दियों में कपड़े धोते समय न करें ये 5 गलतियां, हो सकती है परेशानी



## 9 साल बाद फिर वही खेल! चंडीगढ़ में लेफ्टिनेंट गवर्नर की नियुक्ति को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच बवाल तय

**चंडीगढ़, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ में प्रशासक के तौर पर लेफ्टिनेंट गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बिल लाने की खबरों के साथ ही मामले को लेकर विवाद बढ़ना तय माना जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अगस्त 2016 में भी चंडीगढ़ के लिए अलग से एडमिनिस्ट्रेटर की नियुक्ति को लेकर फैसला ले लिया गया था। केंद्र सरकार ने पूर्व आईएएस अधिकारी और भाजपा नेता के अलफोंस को चंडीगढ़ का एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्ति करने को लेकर घोषणा जारी कर दी थी। लेकिन उस समय पंजाब में अकाली दल के मुख्यमंत्री और एनडीए के सहयोगी मख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मिलकर केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया था। मामले में केंद्र सरकार को अलफोंस की नियुक्ति के फैसले को पंजाब की राजनीति के भारी दबाव में अपने फैसले को वापस लेना पड़ा था।



अब फिर से चंडीगढ़ को लेकर फिर से विवाद खड़ा होना तय माना जा रहा है। चंडीगढ़ पर पंजाब और हरियाणा दोनों ही अपना हक जताते हैं, अब तो हिमाचल भी इस लड़ाई में लगातार कूद रहा है। केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ को पूरी तरह से स्वायत्ता देने को लेकर एलजी की नियुक्ति करने की तैयारी है। बीते काफी समय से चंडीगढ़ में कई मामलों को लेकर विवाद चल रहे हैं। ताजा मामले में पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट को लेकर अभी भी विवाद जारी है। पीयू की गवर्निंग बाडी सीनेट में सदस्यों की संख्या 90 से 31 किए जाने को लेकर हाल ही में उपराष्ट्रपति की ओर से मंजूरी के बाद मिनिस्ट्री आफ एजुकेशन की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया था।मामले में पंजाब के सभी राजनैतिक दल विरोध में उतर आए और भारी दबाव के बीच केंद्र सरकार को नोटिफिकेशन वापस लेना पड़ा। मामले को लेकर अभी भी पंजाब यूनिवर्सिटी में लगातार धरने प्रदर्शन जारी हैं। पंजाब के सभी संगठन मिलकर इस मामले में एकजुट हैं। सीनेट चुनाव की तिथि घोषित करने को लेकर भी 26 नवंबर को बड़े प्रदर्शन की पहले ही घोषणा की जा चुकी है। उधर 2008 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के समय पंजाब यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। उस समय अकाली दल सरकार की ओर से भी इस मामले में एनओसी (नान आब्जेक्शन सर्टिफिकेट) जारी कर दिया गया। लेकिन एक दिन के भीतर ही पंजाब के सभी राजनैतिक दलों ने इसका कड़ा विरोध किया और अकाली दल को एनओसी वापस लेना पड़ा। पंजाब यूनिवर्सिटी को सेंट्रल स्टेटस मिलते मिलते रह गया और आज तक पीयू की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। केंद्र सरकार 80 प्रतिशित और पंजाब सरकार को 20 प्रतिशत बजट का हिस्सा देना होता है।

## तमिलनाडु समेत इन राज्यों में होगी झमाझम बारिश

### मौसम विभाग ने जारी किया चक्रवाती तूफान का अलर्ट



**नई दिल्ली 23 नवंबर।** उत्तर भारत में बढ़ती ठंड के बीच मौसम विभाग ने दक्षिण के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिणी अंडमान सागर और मलक्का स्ट्रेट के पास निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जो तेजी से डिप्रेशन का रूप धारण कर रहा है। इससे 24 नवंबर को बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी की तरफ बढ़ते हुए यह डिप्रेशन और भी अधिक मजबूत हो सकता है। इससे बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की स्थिति बनेगी और कई राज्यों में भारी बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने एक्स पर चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 22 नवंबर को दक्षिणी अंडमान सागर और मलक्का स्ट्रेट के पास लो प्रेशर एरिया बन रहा है। 24 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में यह और भी अधिक मजबूत हो सकता है।

मौसम विभाग ने 22-25 नवंबर के बीच तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और अंडमान एवं निकोबार द्वीप के तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। खासकर आज और कल इन जगहों पर तेज बारिश देखने को मिल सकती है। इस दौरान भारी बरसात के साथ आंधी-तूफान और बिजली चमकने की संभावना है। अंडमान और निकोबार द्वीप - 27 नवंबर तक तेज बारिश का अनुमान। 24 और 25 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना। 26 नवंबर तक केरल, माहे और लक्षद्वीप में भी तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बरसात होने की संभावना है। वहीं, अंडमान और निकोबार द्वीप पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। चक्रवाती तूफान के कारण सभी राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों समेत पर्यटकों को समुद्र तटों से दूर रहने का आदेश दिया गया है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**मणिपुर, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपल्स लिबरेशन आर्मी' के एक सक्रिय सदस्य को शनिवार को काकचिंग जिले में एक जांच चौकी पर पकड़ा गया, जबकि उसी दिन बिष्णुपुर जिले के मोइरंग कोंजेंगबाम से संगठन के एक और सदस्य को पकड़ा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को टेंग्नौपाल जिले के मोरेह गेट से प्रतिबंधित पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के युमनाम हुइड्रोम में उसके घर से पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि इन उग्रवादियों के पास से राइफल और पिस्तौल समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। अधिकारी ने कहा कि ये गिरफ्तारियां राज्य में जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर संचालित खुफिया जानकारी पर आधारित 'छानबीन, घेराबंदी और तलाशी अभियान' के तहत की गईं।

## एसएमवीडीआईएमई की पहली प्रवेश सूची रद्द करने की मांग,मनोज सिन्हा से मिले भाजपा विधायक

**जम्मू, 23 नवंबर [एजेंसी]।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार देर शाम जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और रियासी जिला स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस (एसएमवीडीआईएमई) द्वारा जारी पहली प्रवेश सूची रद्द करने की मांग की। जम्मू कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने चयन सूची पर सवाल उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जिन छात्रों को दाखिला मिला है उनमें से अधिकांश छात्र एक समुदाय से हैं।

उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि माता में आस्था रखने वाले छात्रों को दाखिले के लिए विचार किया जाए। राजभवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बैठक के दौरान शर्मा के साथ विधायक शाम लाल शर्मा, सुरजीत सिंह सलाथिया, देवेंद्र कुमार मन्याल और रणबीर सिंह पठानिया मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा, हमने एसएमवीडीआईएमई में दाखिलों के पहले बैच को लेकर एक असाधारण और महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया, जिसमें अधिकांश सीट एक विशेष समुदाय के छात्रों को मिली हैं। शर्मा ने कहा, हमारा विरोध इस दलील पर आधारित है कि यह संस्थान श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा है और श्राइन बोर्ड को मिलने वाला दान धार्मिक और सांस्कृतिक कामों के लिए था। एसएमवीडीआईएमई को इस वर्ष 50 एमबीबीएस सीट की मंजूरी मिली है। कॉलेज के पहले बैच (2025-26) में एक विशेष समुदाय के 41 छात्रों के प्रवेश को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कुछ दक्षिणपंथी समूह प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इस कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा दिया जाए।

## यूपी में खुफिया एजेंसियों की बड़ी हलचल, कई छिपे नेटवर्क होंगे बेनकाब, अल फलाह यूनिवर्सिटी पर शिकंजा



**लखनऊ, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद माड्यूल द्वारा दिल्ली में बम विस्फोट की घटना को अंजाम देने के बाद यूपी में सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी जांच तेज कर दी है। खासकर आतंकियों के लोकल ठिकानों को तलाशा जा रहा है। प्रदेश में एजेंसियों के राडार पर 250 से अधिक कश्मीरी मूल के डॉक्टर और छात्र हैं, जिनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वहीं आधा दर्जन से अधिक अल्पसंख्यक शैक्षिणिक संस्थान भी जांच के दायरे में हैं।

सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद माड्यूल का खुलासा होने के बाद आतंकियों का प्रदेश के कई जिलों से कनेक्शन सामने आ चुका है। खासतौर पर कश्मीर के निवासी ऐसे डॉक्टर जो प्रदेश के मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है अथवा मेडिकल की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका ब्योरा जुटाने के साथ गतिविधियां भी परखी जा रही है। बीते सप्ताह तक इनकी संख्या करीबन 200 थी, जो अब बढ़कर 250 से अधिक हो चुकी है। वहीं निजी अस्पतालों में काम करने वाले कश्मीरी मूल के डॉक्टर भी जांच के दायरे में हैं। एटीएस ने उनके बारे में जानकारी जुटाने के बाद आपराधिक इतिहास खंगालने के लिए दस्तावेज जम्मू-कश्मीर पुलिस को सत्यापन के लिए भेजा है।

वहीं दूसरी ओर फरीदाबाद में अल फलाह यूनिवर्सिटी पर कानूनी शिकंजा कसने के बाद प्रदेश में मेडिकल की शिक्षा देने वाले आधा दर्जन शैक्षणिक संस्थान भी जांच के दायरे में आ चुके हैं। एटीएस, एलआईयू और स्थानीय पुलिस इन संस्थानों में होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। साथ ही उनके वित्तीय प्रबंधन को भी जांच के दायरे में लाते हुए पड़ताल जारी है। इनमें से अधिकतर संस्थान पश्चिमी उप्र के हैं। वहीं राजधानी का एक संस्थान भी जांच के दायरे में आ चुका है।

## बीपीओ के चार मैनेजर अगवा, 8.90 लाख की फिरौती भी मांगी, पुलिस ने आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बंगलूरू, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

बंगलूरू से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक बड़े बीपीओ कंपनी के चार मैनेजर-स्तरीय कर्मचारियों को कथित रूप से आठ लोगों ने अगवा कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर साइबर क्राइम की जांच का बहाना बनाया और मैनेजरों से पैसे की मांग की। इतना ही नहीं मामले में ऑपरेशंस मैनेजर से 8.90 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए गए। बता दें कि घटना कल आधी रात को कोरमंगला पुलिस क्षेत्र में हुई।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मैनेजरों को कोलार जिले के मलुर में रखा और नकद में और ऑनलाइन पैसे देने की धमकी दी। बीपीओ कर्मचारियों ने सुबह 4.30 बजे 112 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत चार टीमें बनाकर आरोपियों का पीछा किया। कार्रवाई में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और दो वाहन जब्त किए गए।

## तो कर्नाटक में नहीं बदलेगा नेतृत्व!

## खरगे से मुलाकात के बाद सीएम सिद्दरमैया ने तोड़ी चुप्पी



**कर्नाटक, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

कर्नाटक कांग्रेस में खींचतान की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की है। शनिवार को सिद्धारमैया, खरगे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे, जिसके साथ ही राज्य में नेतृत्व पर छिड़ी बहस भी बंद हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात के बारे में बात करते हुए सुद्धारमैया ने बताया कि खरगे के बुलावे पर ही वो दिल्ली गए थे। कर्नाटक वापस लौट आए हैं। उनका कहना है कि खरगे ने सिद्धारमैया को सीएम पद पर बने रहने और राज्य के आगामी बजट की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कर्नाटक में पिछले काफी समय से नेतृत्व बदलने की अटकलें लगाई जा रहीं थीं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे थे। वहीं, कई विधायकों ने कैबिनेट मंत्री बनने की भी इच्छा जताई थी, जिससे कांग्रेस के खेमें में हलचल तेज हो गई थी। हालांकि, अब सिद्धारमैया ने इन सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मुलाकात के बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा, शिष्टाचार भेंट के अलावा हमने बेंगलुरु समेत कर्नाटक के आगामी नगर निगम चुनावों पर चर्चा की।

## टीएमसी विधायक बंगाल में बनाएंगे बाबरी मस्जिद! शिलान्यस से पहले विवाद, भाजपा ने लगाया सांप्रदायिक उकसावे का आरोप



**नई दिल्ली 23 नवंबर।** पश्चिम बंगाल के टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि वे 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर के इस ऐलान के बाद से देश की राजनीति गरमा गई है। इसको लेकर भाजपा ने टीएमसी पर चुनावी लाभ के लिए सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया है। दरअसल, टीएमसी के विधायक हुमायूं कबीर 6 दिसंबर जिस दिन अयोध्या में मूल बाबरी मस्जिद का विध्वंस हुआ था। उसकी 33वीं बरसी पर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने की बात कही है। हुमायूं ने दावा किया कि बाबरी मस्जिद के निर्माण को तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता यासर जिलानी ने टीएमसी विधायक की कड़ी आलोचना करते हुए चुनावी लाभ के लिए जानबूझकर सांप्रदायिक उकसावे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी नेता, खासकर विधायक हुमायूं कबीर नफरत की राजनीति के लिए जाने जाते हैं।

वह विशुद्ध रूप से तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। वह जानबूझकर बंगाल में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता यासर जिलानी ने कहा कि हुमायूं जानते हैं कि आगामी चुनावों में जनता टीएमसी को नकार देगी और वहां राजनीतिक परिवर्तन की लहर उठ रही है। इसी बेचैनी के कारण हुमायूं कबीर और वरिष्ठ टीएमसी नेता अपने वोट बैंक की रक्षा के लिए हर संभव तरीके से लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## बांग्लादेश में फिर लगे भूकंप के झटके, 32 घंटों में 4 बार डोली धरती, अब तक 10 की मौत

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ गए हैं। भूकंप के कारण कई इमारतें धराशायी हो गईं, जिनकी चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई है। पिछले 32 घंटे के भीतर बांग्लादेश में लगातार कई झटके महसूस किए जा चुके हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह किसी बड़े भूकंप के आने के संकेत हो सकते हैं। बांग्लादेश में सुबह 5.7 के मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था, जिसका असर बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर देखने को मिला। इस दौरान 10 लोगों की जान चली गई। इस घटना को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि शनिवार की सुबह बांग्लादेश में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## बीजद का नुआपाड़ा उपचुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप, चुनाव आयोग से शिकायत करेगी पार्टी

**भुवनेश्वर, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

ओडिशा में विपक्षी पार्टी बीजद ने आरोप लगाया है कि नुआपाड़ा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा प्रायोजित धांधली की गई। बीजद ने कहा है कि न्याय की मांग के लिए पार्टी चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करेगी। शनिवार को बीजद की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने की। बैठक के बाद विपक्ष की चीफ व्हिप प्रमिला मलिक ने बताया कि हमने उपचुनाव में धांधली की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसलिए राजनीतिक मामलों की सीमिति ने तय किया है कि चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की जाएगी। बीजद ने आरोप लगाया है कि सरकारी



मशीनरी और पैसे के बल पर ईवीएम में हेरफेर किया गया और बीजद का वोट डायवर्ट किया गया। बीजद नेता प्रमिला मलिक ने कहा, कम से कम 63 पोलिंग बूथ पर धांधली। लोगों ने बीजद को जो वोट दिए थे, वे किसी दूसरी पार्टी को दे दिए गए। ऐसा लगता है कि ईवीएम में भी गड़बड़ी हुई है। बीजद ने भाजपा पर ईवीएम से छेड़छाड़, पैसे की ताकत और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, हम अपने स्तर पर भी जांच करेंगे और ईवीएम में गड़बड़ी का पर्दाफाश करेंगे और लोगों को भाजपा की लोकतंत्र खत्म करने की कोशिशों के बारे में बताएंगे।

गौरतलब है कि 11 नवंबर को हुए उपचुनाव में रिकॉर्ड 83.45 प्रतिशत वोटिंग हुई। जिसमें भाजपा के जय ढोलकिया 83,748 वोटों के अंतर से चुनाव जीते, जबकि भाजपा उम्मीदवार स्नेहांगिनी छुरिया तीसरे नंबर पर रहीं। कांग्रेस उम्मीदवार घासीराम माझी दूसरे नंबर पर रहे। छुरिया ने दावा किया कि 41 पोलिंग बूथ पर 90 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई, जिससे लोगों के मन में उलझन हुई। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि लोगों का बीजद से भरोसा उठ गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को उनके जन्मदिन पर बधाई दी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि उन्होंने संसद को जन केंद्रित बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी को उनके जन्मदिन पर मेरी शुभकामनाएं। वह अपने शांत नेतृत्व और सदन में सबको साथ लेकर चलने के लिए जाने जाते हैं।''प्रधानमंत्री ने कहा कि विधायी प्रक्रिया को मजबूत करने, रचनात्मक चर्चा को बढ़ावा देने और संसद की गरिमा बनाए रखने के प्रति बिरला की प्रतिबद्धता का बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने कहा, ''उन्होंने संसद को लाभकारी और जन केंद्रित बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। देश की सेवा के लिए ईश्वर उन्हें स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्रदान करें।''

## कमला नेहरू कॉलेज के बीएड स्टूडेंट्स ने पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत देखी प्रेरक फिल्म

**कोरबा ।** 'बीएड की शिक्षा में फिल्म समीक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। यह भावी शिक्षकों में आलोचनात्मक सोच और व्याख्यात्मक कौशल विकसित करने में मदद करती है। फिल्मों का उपयोग शिक्षा के सैद्धांतिक पहलुओं को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में किया जा सकता है।'

उक्त कथन कमला नेहरू महाविद्यालय के बीएड संकाय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। बीएड सभागार में विभाग द्वारा पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत प्रेरक फिल्म सर प्रदर्शित की गयी। इस दौरान बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षार्थी और प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। शिक्षक के करियर में कदम बढ़ाने वाले प्रशिक्षार्थियों को बीएड की पढ़ाई में वर्ष में दो फिल्में देखने और पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत उनकी फिल्म समीक्षा लिखकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। इसी अनिवार्य गतिविधि के तहत यह कार्यक्रम किया गया। फिल्म देखने के बाद बारी बारी विद्यार्थियों द्वारा मंच पर इस फिल्म पर अपनी समीक्षा भी प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती कुलदीप, एनएसएस जिला संगठक वाय.के. तिवारी, डॉ. रश्मि शुक्ला, राकेश गौतम, प्रीति द्विवेदी, गोविंद माधव उपाध्याय, नीतेश यादव, शंकर लाल यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खेतों में मेहनत रंग लाई, किसान अन्नू जायसवाल धान विक्रय के लिए तैयार

**कोरबा ।** जिले के तिलकेजा निवासी किसान अन्नू जायसवाल इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मात्र 3 एकड़ कृषि भूमि पर अपने पिता श्री रामू जायसवाल सहित सपरिवार खेती करने वाले अन्नू ने पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 60 क्विंटल धान की बिक्री कर अच्छी आमदनी प्राप्त की थी। समय पर मिले भुगतान ने उनकी खेती और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की।



धान कटाई के कार्यों के बीच जब अन्नू अपनी फसल का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो उनके चेहरे पर इस साल की खरीदी को लेकर उम्मीद साफ झलकती है। खेत में थ्रेसर और ट्रैक्टर की मदद से चल रहे कटाई कार्यों के बीच वे बताते हैं कि सरकार की पारदर्शी और सुचारु धान खरीदी व्यवस्था छोटे किसानों के लिए बड़ी राहत है।

अन्नू का कहना है कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक सामग्री जुटाई। इसके साथ ही परिवार की जरूरतें भी आसानी से पूरी हो सकीं। इस वर्ष भी वे उम्मीद कर रहे हैं कि धान खरीदी से उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार की धान की सर्वाधिक खरीदी मूल्य, डीबीटी के माध्यम से त्वरित भुगतान और खरीदी केंद्रों के बेहतर प्रबंधन से किसानों में भरोसा बढ़ा है। अन्नू जैसे अनेक छोटे किसान इन योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उठाकर खेती में निरंतर सुधार कर रहे हैं।



## आखिर पहुंची उम्मीद की रोशनी

**कोरबा ।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गाँव पतुरियाडाँड़ के लिए हाई स्कूल खुलना किसी वरदान से कम नहीं था। वर्षों तक आसपास के गांवों के बच्चे सिर्फ इसलिए आगे की पढ़ाई से वंचित हो जाते थे क्योंकि हाई स्कूल की दूरी अधिक थी। लेकिन जब गाँव में हाई स्कूल प्रारंभ हुआ, तो यह न सिर्फ गांववासियों के लिए खुशी का क्षण था, बल्कि उन बच्चों के लिए नई उम्मीद थी जो उच्च शिक्षा का सपना मन में लिए बैठे थे।

हाई स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के सामने एक बड़ी चुनौती थी कि अंग्रेजी विषय का नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं था। गांव के अधिकांश बच्चे अंग्रेजी और गणित को कठिन विषय मानते थे। अंग्रेजी शिक्षक न होने के कारण खासकर छात्राओं के सपनों पर असर पड़ने लगा था, क्योंकि इस स्कूल में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाली अधिकांश विद्यार्थी लड़कियां ही थीं। सरकार की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया इस विद्यालय के लिए किसी सौभाग्य की तरह साबित हुई। इसी प्रक्रिया के तहत यहाँ अंग्रेजी विषय के व्याख्याता श्री विजय कुमार राठौर की नियुक्ति हुई। व्याख्याता के रूप में उन्होंने चार-पांच महीने पहले ज्वाइनिंग दी और तभी से छात्रों के लिए अंग्रेजी का डर धीरे-धीरे कम होता गया।अब बच्चे बताते हैं कि 'सर के आने के बाद अंग्रेजी पढ़ना मुश्किल नहीं लगता। अब हमें समझ में भी आता है और नियमित क्लास भी होती है।'

कक्षा 9वीं की छात्राएँ कुमार धन कुंवर, सुनती, सरिता, सपना, विक्रम और 10वीं के विद्यार्थी आकांक्षा, अमृता, राजकुमारी, विजय, विष्णु, अशोक सभी एक ही बात कहते हैं 'अगर शिक्षक नहीं होते तो हम कठिन विषय में फेल भी हो सकते थे। अब हमें अपने भविष्य पर भरोसा है।'

गांव के लोगों के चेहरे पर भी खुशी झलकती है। वर्षों से जिस योग्य शिक्षक की कमी महसूस होती थी, वह अब पूरी हो गई है। आज गांव के बच्चे अंग्रेजी में मजबूत हो रहे हैं, परीक्षा के लिए तैयार हो रहे हैं और अपने सपनों को उड़ान देने के लिए आत्मविश्वास से भर चुके हैं।छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति ने पतुरियाडाँड़ के इस विद्यालय का भविष्य ही नहीं बदला है, बल्कि उन सैकड़ों बच्चों की जिंदगी में नई रोशनी भरी है, जो कल अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## राहीदेवी नामदेव का निधन



**कोरबा।** बालको नगर के दैहानपारा निवासी श्रीमती राही देवी नामदेव का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर निगम कोरबा में स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र नामदेव की माता थी। वे अपने पीछे पुत्र पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में शनिवार को दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ। उनके निधन पर विभिन्न समाज के लोगों ने शोक संवेदना जताई है।





# 70 अधिकारियों के साथ वन विभाग की टीम ने जोगी पाली में मारा छापा

### खम्हार, साल समेत अन्य प्रजाति के ईमारती लकड़ी जप्त ,तस्करों में मचा हड़कप

**कोरबा।** वन विभाग की टीम ने करतला रेंज के जोगीपाली गांव में छापा मार कर बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी जप्त की है। जिसकी कीमत 3 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है। मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बिलासपुर एवं वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कोरवा द्वारा वनमण्डल अंतर्गत वनों की सुरक्षा, वन्यप्राणियों के सुरक्षा, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन अवैध शिकार के प्रकरणों को रोकथाम की मुख्य प्राथमिकता दी गई है। मुखबिरों से प्राप्त सूचना के अनुसार 22.11.2025 को करतला परिक्षेत्र के प.स.वृत्त रामपुर के रामपुर वन परिसर में ग्राम जोगीपाली नवाडीह में 06 अपराधी प्रवृत्ति के घर में उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बालको, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी लेमरु एवं वनमण्डल के अन्य परिक्षेत्र में कार्यरत अन्य 70 वन अधिकारी के साथ 06 पृथक पृथक टीम का गठन कर जारी किये गये सर्च वारंट के तहत् धर्मेन्द्र चौहान, उपवनक्षेत्रपाल, नारंगी ईकाई कोरबा, सहनीराम राठिया, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी केराकछार, परिक्षेत्र पसरखेत, संजय केशकर, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी कुदमुरा, परिक्षेत्र कुदमुरा, कांति कुमार कंवर, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी बालको, परिक्षेत्र बालको, पवन सिंह कंवर, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी गढ़, परिक्षेत्र लेमरु, जितेन्द्र केशरवानी, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी कोरकोमा, परिक्षेत्र कोरबा द्वारा सर्च वारंट की तामिली कर थाना प्रभारी करतला एवं उनके सबंधित अधिकारी/कर्मचारी के सक्रिय एवं सकारात्मक सहयोग से नियमानुसार वृहद तलाशी की कार्यवाही 07 घरों में की गई जो कि पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में बिना किसी विवाद के सम्पन्न हुई। तलाशी में वृहद पैमाने पर मनाराम पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), गनपत पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), पण्डेवालाल पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह) भोला पटेल पिता स्व. सम्पत पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), अंकुश पटेल पिता स्व. दिलेश्वर पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), गनेश्वर राठिया पिता स्व. भारत राठिया, साकिन जोगीपाली (नवाडीह) के घर एवं बाड़ी से खम्हार, साल एवं अन्य प्रजाति के ईमारती लगभग 362 नग 5.488 घ.मी., लगभग वनोपज को नियमानुसार जप्त किया गया है।

जिसका वन विभाग के वाणिज्यिक दर अनुसारर लगभग मुल्य 340000.00 रुपये है। दिनांक 14.11.2025 को करतला परिक्षेत्र के रामपुर परिसर में इन्ही अपराधी प्रवृत्ति के ग्रामीणों द्वारा 03 नग साल लठठा अवैध परिवहन करते समय वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा पूछने पर उनके साथ मारपीट किया गया था। उक्त 3 नग साल लट्ठा को भी तालाशी के दौरान अपराधियों द्वारा जिसे पैरा में छिपाकर रखे थे वन विभाग एवं थाना प्रभारी करतला एवं उनके सबंधित अधिकारी/कर्मचारी के सक्रिय एवं सकारात्मक सहयोग से नियमानुसार जप्त किया गया है। 03 नग साल लट्ठा परिवहन करते समय उपयोग में लाये गये ट्रेक्टर को मुखबिर, वृत्त वन अधिकारी रामपुर एवं परिसर वन अधिकारी नोनदरहा/रामपुर के द्वारा शिनाख्ति के आधार पर ट्रेक्टर को नियमानुसार जप्त कर लिया गया है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार नियमानुसार उक्त प्रकरण में वन अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। एवं पूर्व में भी वनमण्डलाधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार कोरबा वनमण्डल के बालको परिक्षेत्र के ग्राम माखुरपानी निवासी तीजराम मंझवार के सर्च वांरट जारी कर बीजाप्रजाति के 70 नग पल्ला, साल प्रजाति के 8 नग चौखट, पाया 20 नग नियामानुसार कार्यवाही कर जप्त किया गया एवं वन अपराध प्रकरण 11995/03 जारी किया गया है।

## वीर दुर्गादास राठौर की 302वीं पुण्य तिथि पर समाज ने किया उन्हें नमन

**कोरबा ।** जिला क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा द्वारा सर्वमंगला पुल के पास राठौर तिराहा (चौक) में वीर दुर्गादास राठौर की 302वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें याद किया और सर्वमंगला पुल के पास स्थापित वीर दुर्गादास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। क्षत्रिय राठौर समाज के जिला अध्यक्ष संतोष राठौर ने वीर दुर्गादास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर दुर्गादास राठौर का पूरा जीवन स्वामिभक्ति, न्याय, अदम्य इच्छा शक्ति और साहस का अदभुत संगम है। आज भी मारवाड़ की हवा में वीर दुर्गादास राठौर के तलवार की चमक दिखाई देती है। श्री राठौर ने आगे कहा कि दुर्गादास में बचपन से ही न्याय और आत्मसम्मान की लौ तीव्र थी। सचिव सतीष राठौर, उपाध्यक्ष परसराम राठौर, ओमकार राठौर, दिनेश राठौर, रामनारायण राठौर, मनीष राठौर, रामकुमार राठौर, अजय राठौर, जय राठौर, शिव राठौर, तरूण राठौर, माधव प्रसाद, जयनारायण, कमलेश राठौर, रामरतन, मनमोहन, भुवनेश्वर राठौर एवं पवन राठौर ने भी वीर दुर्गादास राठौर के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें याद करते हुए कहा कि दुर्गादास राठौर का जीवन हमें यह समझाता है कि राष्ट्र और कर्तव्य के प्रति समर्पण किसी भी युग में सर्वोच्च मूल्य रखते हैं। भूतपूर्व फौजी रामकुमार राठौर ने कहा कि दुर्गादास राठौर केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि वे कर्तव्य के प्रतिक थे, स्वामिभक्ति का उदाहरण थे और इतिहास में उन दुर्लभ पुरूषों में से एक थे जिसके लिए मृत्यु भी गौरव का वरण करती है। इस अवसर पर उपस्थित क्षत्रिय राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दुर्गादास अमर रहे के नारे लगाये और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# दर्री-बरमपुर रोड बनाने निगम व पीडब्ल्यूडी टीम करेगी सर्वे

**कोरबा ।** नए साल में शहरवासियों को सुनालिया बायपास रोड किनारे मल्टीलेवल पार्किंग की सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिये कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अधिकारियों को अधूरे काम जल्द पूरा कराने कहा है।

दर्री-बरमपुर रोड बनाने निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम सर्वे करेगी। कलेक्टर ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की घोषणा के मंजूर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने नगर पालिका बांकीमोंगरा के सीएमओ को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री वसंत ने निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय व डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग, सेतु, नगर निगम, आरईएस, पीएमजीएसवाई, नगरीय निकाय, सीजीएमएससी सहित अन्य निर्माण विभागों में कामों की समीक्षा करी। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि लोगों की सुविधा से जुड़े किसी भी निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

मेडिकल कॉलेज परिसर में लिफ्ट, प्लिंथ प्रोटेक्शन सहित सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा कराने अधिकारियो को निर्देशित किया। इलेक्ट्रॉनिक पैनल शिफ्टिंग और वार्डों में एयर कंडीशनर लगाने का काम जांच-परख के साथ पूरा करने कहा। निगम को परिसर में मरीजों के लिए वेटिंग हॉल, ड्रेनेज सिस्टम, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पार्किंग के लिए टेंडर जल्द पूरा कर निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चिर्रा-श्यांग रोड पर चल रहे काम की जानकारी ली। मुख्य मार्गों पर रंबल स्ट्रिप का काम जल्द पूरा करने कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर माधुरी सोम ठाकुर, सभी निर्माण विभागों के कार्यपालन अभियंता व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

* सुनालिया नहर में अंडरब्रिज का निर्माण कराने होगा टेंडर

कोरबा अंचल सुनालिया नहर में संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कराने टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी जाएगी। इस पर कलेक्टर वसंत ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। दूरस्थ क्षेत्रों में निर्माणाधीन पुल-पुलिया के निर्माण कार्य की जानकारी लेकर समय पर पूरा कराने की हिदायत दी। पीएमजीएसवाई को पीएम जनमन के तहत स्वीकृत कार्यों और रिन्युअल कार्यों में तेजी लाने व पीएम ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के तहत स्वीकृत और मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने कहा। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कार्यों का नियमित निरीक्षण करेंगे। कार्य मे लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करेंगे। पीडब्ल्यूडी व सेतु विभाग को जिले में अपने अधीन सड़क और पुल-पुलिया का मूल्यांकन कर मरम्मत योग्य कार्यों के प्रस्ताव समय पर उपलब्ध कराएंगे।

## जनजातीय नर्तक एवं सांस्कृतिक दल को मिला तृतीय पुरूस्कार

**कोरबा ।** जनजातीय गौरव दिवस 2025 अंतर्गत राज्य स्तरीय जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पी.जी. कॉलेज मैदान अंबिकापुर, जिला सरगुजा में आयोजित किया गया था, जिसमें कोरबा जिले के जय ठाकुर देव महिला करमा पार्टी ग्राम घोटमार ग्राम पंचायत गेरांव वि.ख. कोरबा ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्य शासन द्वारा तृतीय पुरुष्कार के रूप में रूपये 50 हजार दल को प्रदाय किया गया।



## फसल का दाम भी बढ़ और उपार्जन केंद्र में सुविधाएं भी - किसान ठंड़ीराम बिंझवार

**कोरबा ।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम अरसिया में रहने वाले किसान श्री ठंड़ीराम बिंझवार अपने परिश्रम और खेती के प्रति समर्पण से एक मिसाल बने हुए हैं। आठ एकड़ भूमि में वे मुख्य रूप से मोटा धान की खेती करते हैं।



पिछले वर्ष उन्होंने 136 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में बेचा था, जिससे प्राप्त राशि से उनके घर-परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी हुई। इस वर्ष मौसम और मेहनत दोनों के सहयोग से उन्हें 160 क्विंटल धान बेचने की उम्मीद है, जो उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। श्री ठंड़ीराम बताते हैं कि क्षेत्र में अधिकतर किसान धान की ही फसल लेते हैं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही समर्थन मूल्य और आदान राशि से किसानों को बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है। सरकार की यह पहल न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि खेती को और अधिक लाभकारी भी बना रही है।उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की और बताया कि पीने के पानी की सुविधा, आराम व बैठने के लिए कुर्सी, छांव की समुचित व्यवस्था है। इन सुविधाओं के कारण किसानों को उपार्जन केंद्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती और वे संतोषपूर्वक धान विक्रय कर सकते हैं। श्री ठंड़ीराम बिंझवार की यह उपलब्धि बताती है कि यदि मेहनत और सही सहयोग मिल जाए तो खेती न केवल जीवनयापन का साधन, बल्कि समृद्धि का मार्ग भी बन सकती है और अन्य किसानों को प्रोत्साहित भी किया जा सकता है।


## मेहनत की फसल पर पानी नहीं फिरा,अब मिलेंगे उम्मीद के पूरे दाम

**कोरबा ।** कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ वनांचल ग्राम पतुरियाडाँड़ में रहने वाले अधिकांश किसानों का जीवन खेती पर ही टिका है। पहाड़ी क्षेत्रों की तरह ऊबड़-खाबड़ जमीन, सिंचाई की स्थायी व्यवस्था का अभाव और बारिश पर निर्भरता-ये सभी चुनौतियाँ हर वर्ष किसानों की मेहनत की परीक्षा लेती हैं। फिर भी, यहाँ के किसान हिम्मत नहीं हारते। कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर वे हल चलाते हैं, बीज बोते हैं और उम्मीद की एक डोर के सहारे मौसम के भरोसे अपनी फसल सींचते हैं।

इस वर्ष मौसम किसानों के लिए शुभ साबित हुआ। अच्छी बारिश ने उनकी मेहनत को फल दिया और खेतों में हरी-भरी धान की फसल लहलहाई। अब किसान धान को काटकर मिंजाई कर रहे हैं और उपार्जन केंद्र में बेचने की तैयारी कर रहे हैं। फसल की हर बाली उनके लिए सिर्फ आय का साधन नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ने का साहस भी है।

गांव के मेहनती किसान सियाराम पर ने इस वर्ष लगभग 4 से 5 एकड़ में धान की फसल ली है। उनकी पत्नी कंचनिया बाई भी खेती-किसानी में बराबरी से हाथ बँटाती हैं। दोनों सुबह से शाम तक खेत में पसीना बहाकर फसल को तैयार करते हैं।

अब जब धान बोरी में भरकर बिकने के लिए तैयार है, कंचनिया बाई के चेहरे पर एक सुकून भरी मुस्कान है। वे कहती हैं इस इलाके में धान लेना बहुत कठिन है। पानी की व्यवस्था नहीं, सब कुछ बारिश पर निर्भर। लेकिन मेहनत का फल देखकर सारी थकान मिट जाती है। घर में रखा धान पूरे परिवार के लिए उम्मीद का प्रतीक है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी को इंतज़ार है कि धान बिके और घर में आर्थिक राहत आए।कंचनिया बाई बताती हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान के प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य बढ़ाने और आदान सहायता राशि देने से किसानों को बहुत प्रोत्साहन मिला है। अब उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिलने की उम्मीद रहती है। वे कहती हैं कि-धान बिक जाता है तो कुछ कर्ज उतर जाता है, घर के जरूरी सामान आ जाते हैं और अधूरे काम भी पूरे हो पाते हैं।पतुरियाडाँड़ के किसानों की यह कहानी सिर्फ खेती की नहीं, बल्कि विश्वास, साहस और संघर्ष की कहानी है। कठिन परिस्थितियों में भी जमीन से जुड़े रहकर मेहनत करना, प्रकृति पर भरोसा रखना और हर साल नई उम्मीद के साथ फसल उगाना यही इन किसानों की वास्तविक शक्ति है। इस वर्ष की अच्छी फसल ने न सिर्फ उनकी मेहनत का सम्मान किया है, बल्कि आने वाले समय में और मजबूती से खेती करने का उत्साह भी दिया है।



# कलेक्टर ने ली निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी निर्माण विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय एवं डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग , सेतु, नगर निगम, आरईएस, पीएमजीएसवाई, नगरीय निकायों, सीजीएमएससी सहित अन्य निर्माण विभागों के कार्य प्रगति से अवगत होते हुए सभी निर्माण विभागो को अपने विभागीय तथा डीएमएफ से स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर सहित सभी निर्माण विभागों के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत निर्माण कार्यों को विशेष गंभीरता से लेने, कार्यो में कसावट लाने और समयबद्धता का ध्यान रखने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसुविधा से जुड़े किसी भी निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही कार्यो में गुणवत्ता पर सभी विभाग विशेष ध्यान दें।बरसात पूर्व सभी छोटे व जरूरी निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देशकलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया करते हुए कहा कि बरसात पूर्व अधूरे छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को तत्काल पूरा किया जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। साथ ही जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्रता से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देशबैठक में कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी एवं अन्य संबंधित विभागों को मेडिकल कॉलेज परिसर में लिफ्ट, प्लिंथ प्रोटेक्शन सहित चल रहे सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं शीघ्रता से पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक पैनल शिफ्टिंग के कार्य एवं वार्डो में लगने वाले एयर कंडीशनर के कार्यो को भी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि संस्थानों में इलेक्ट्रिसिटी के कार्य को पूर्ण सावधानी एवं जांच परख के साथ पूर्ण करें। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नही रहे। उन्होंने नगर निगम को परिसर में मरीजों के लिए वेटिंग हॉल, ड्रेनेज सिस्टम, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पार्किंग आदि—कार्यों हेतु टेंडर प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर निर्माण शुरू करने की बात कही।



पीडब्ल्यूडी के विभागीय व डीएमएफ के निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री वसंत ने पीडब्ल्यूडी विभाग में विभागीय एवं डीएमएफ से स्वीकृत सभी सड़क निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्र के चिर्रा-श्यांग मार्ग निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग के निर्माण पूर्ण हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस हेतु इस कार्य को गम्भीरता से लेते हुए कार्य में प्रगति लाने के लिए कहा।इसी प्रकार उन्होंने कोरबा जिले के मुख्य मार्गों पर रंबल स्ट्रिप निर्माण कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभाग के अधोसरंचना कार्यो की समीक्षा करते हुएकार्यपालन अभियंता को अपने अधीनस्थ अधिकारियों सहित फील्ड में संचालित कार्यो का नियमित निरीक्षण करने एवं कार्य मे लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी व सेतु विभाग को जिले में अपने अधीन सड़क एवं पुल-पुलिया का मूल्यांकन कर मरम्मत योग्य कार्यों के प्रस्ताव समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।महतारी सदन सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल, समय पर करें पूर्ण :- कलेक्टरआरईएस विभाग में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में महतारी सदन के निर्माण को तय समय में पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि महतारी सदन शासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसकी प्रगति में किसी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

इसके साथ ही जिले में स्वीकृत आवासीय परिसर, शिक्षक आवास, उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला, पीडीएस भवन एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पुलिया निर्माण कार्यों को प्रगति की जानकारी लेते हुए पंचायतो के छोटे छोटे जरूरी कार्यो को मई-जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।नगर निगम को मल्टीलेवल पार्किंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देशनगर निगम कोरबा के कार्यो की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने शहर के मध्य स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के अधूरे कार्य को शीघ्रता से पूरा कर 01 जनवरी 2026 से आमजन के लिए शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा वाले कार्यों को भी समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया।

# केवाईसी नहीं कराया तो रसोई गैस होगी बंद



**जांजगीर।** गैस सिलेंडर रिफलिंग कराने के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी और ओटीपी सिस्टम को अब सख्ती से लागू किया जा रहा है। ऑयल कंपनियों ने इसके लिए गैस एजेंसियों को कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं कि हर उपभोक्ता का ई-केवाईसी अनिवार्य है। इसके साथ ही, उपभोक्ता को डिलीवरी के समय वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भी उपलब्ध कराना होगा। यदि उपभोक्ता डिलीवरी ओटीपी नहीं देता है तो उसे सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।

खाद्य विभाग के मुताबिक, पिछले डेढ़ साल से उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी अपडेट कराने प्रेरित किया जा रहा था पर असर नहीं हुआ। करीब 60 से 65 फीसदी उपभोक्ताओं ने ही ई-केवाईसी अपडेट कराया है। इससे सिलेंडर रिफलिंग में पारदर्शिता नहीं आ पा रही है। इसलिए अब इसे सख्ती से लागू करने निर्देश जारी हुए हैं। ओटीपी आधारित डिलीवरी सिस्टम लागू होने से भविष्य में गैस की कालाबाजारी और फर्जी बुकिंग पर पूरी तरह से रोक लग सकेगी। यही कारण है कि इस नियम को अब सख्ती से लागू किया जा रहा है।



## नकली नोट के साथ सक्ती पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया, जांच जारी

**सक्ती।** सक्ती पुलिस ने नकली नोट खपाने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के 3 सदस्यों से 1 लाख 70 हजार रुपए का नकली नोट जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना राज्य के जिले कामारेड्डी के थाना क्षेत्र कामारेड्डी में नकली नोट खपाते हुए आरोपी सिद्धा गौड़ को पकड़ा गया , जहां मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में यह बात सामने आई कि कोलकाता के सौरव डे, नारायण भगत और बिहार राज्य के रशीद अहमद द्वारा कम्प्यूटर, कलर प्रिंटर, जेके एक्सल पेपर से नकली नोट बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में नकली नोट खपा रहे थे। उक्त तीनों आरोपियों को तेलंगाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इनके द्वारा बताया गया कि अलग अलग राज्य में नकली नोट खपाया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिले के थाना डमरा क्षेत्र के नंदलाल जांगड़े निवासी जवाली एवं छतराम आदित्य निवासी देवगांव थाना डभरा को नकली नोट खपाने के लिए दिया गया है।

## 25 नवंबर तक छात्र कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तिथियों में बढ़ोतरी की है। पहले 14 नवंबर को जारी अधिसूचना में नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 18 नवंबर तय थी, लेकिन छात्रों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए अब तिथियों में विस्तार किया गया है। ऑनलाइन नामांकन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर तय की गई है। इसके बाद 26 नवंबर तक छात्रों को ऑनलाइन भुगतान की रसीद और सभी आवश्यक दस्तावेज अपने संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने होंगे। महाविद्यालयों द्वारा छात्रों के ऑनलाइन नामांकन आवेदनों की सूची पोर्टल से डाउनलोड कर जांच करने और ऑनलाइन शुल्क की रसीद व छात्र अभिलेख परीक्षा विभाग में जमा करने की प्रक्रिया भी पुनर्निर्धारित की गई है। शासकीय महाविद्यालयों के लिए अंतिम तिथि 27 नवंबर और प्राइवेट कॉलेज के लिए 28 नवंबर निर्धारित की गई है।

## कालोनी में जमीन दिखाकर ठगी के मामले में दो गिरफ्तार



**जांजगीर।** जमीन के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। लाखों की जमीन को अपना बताकर कूटरचना कर दस्तावेज तैयार करने वाले शातिर ठग सुनील सिंह को जांजगीर पुलिस ने धरदबोचा है। अनंत बिहार कॉलोनी निवासी सुनील सिंह पिता श्याम (39) ने नैला निवासी रजत सुल्तानिया को जांजगीर के कैनाल सिटी के आगे वृंदावन कॉलोनी में जमीन दिखाई। किसी और की जमीन को अपना बताकर आरोपी सुनील ने आरोप गलत चौहद्दी तैयार कर रास्ते की जमीन को बिक्री के दस्तावेज में शामिल कर लिया। आरोपी ने कूटरचना कर फर्जी विक्रय पत्र बनाया और सुल्तानिया से 2 लाख 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नशे में मिले वाहन चालकों पर 185 की हुई कार्यवाही

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा पुलिस ने सड़क हादसों को रोकने और यातायात सुरक्षित बनाने जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान एक ही दिन में सात शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। उनके वाहन जब्त कर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 21, ट्रिपल सवारी 20, तेज गति, नो पार्किंग, बिना सीट बेल्ट व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 77 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

### 200 कट्टा धान पकड़ी टीम ने

**जांजगीर।** कृषि उपज मंडी समिति सक्ती के मंडी निरीक्षक, प्रभारी सचिव ओमप्रकाश गोड़ और उपनिरीक्षक मुकेश कुमार करुण ने मंडी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान टीम ग्राम बरपाली पहुंची, जहां फुटकर व्यापारी सुरेश अग्रवाल के गोदाम में बड़ी मात्रा में धान संग्रहित पाया। जांच में गोदाम से कुल 200 कट्टा धान बरामद किया, जिसके संबंध में व्यापारी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा।

## रेत तस्करों के हौसले बढ़ने के बाद माइनिंग ने 17 वाहनों को पकड़ा

**जांजगीर।** जांजगीर अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार जारी है। खनिज विभाग की स्पेशल टीम ने तीन दिन में अवैध परिवहन करते 17 वाहन जब्त किए हैं।

जिला खनिज अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि पिछले तीन दिन में बम्हनीडीह, खपरीडीह, पीथमपुर, अकलतरा, जांजगीर, शिवरीनारायण, केराकछार, पंतोरा और बलौदा क्षेत्र में जांच की गई। बम्हनीडीह में दो दिन में चार ट्रैक्टर जब्त किए। अकलतरा में हाइवा जब्त किया गया। चांपा क्षेत्र के हसदेव नदी में 5 ट्रैक्टर जब्त हुए। बलौदा में अवैध रेत परिवहन करते 5 ट्रैक्टर पकड़े गए। वहीं शिवरीनारायण क्षेत्र में भी 2 ट्रैक्टर जब्त हुए हैं। बम्हनीडीह में अवैध रेत भंडारण के मामले में विभाग ने 5 लाख 86 हजार जुर्माना वसूल किया है। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया प्रस्तावित है।

### अवैध शराब के मामले में रेड, 15 गिरफ्तार

**जांजगीर।** शनिवार सुबह मेहंदीपारा क्षेत्र में पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा। थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम ने कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। रेलवे स्टेशन के पास मेहंदीपारा बस्ती की घेराबंदी कर सर्च शुरू किया गया। इस दौरान एक महिला को 6 लीटर महुआ शराब बेचते पकड़ा गया। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई हुई।

## सकरेली में भागवत कथा बाललीला सूनी भक्तों ने

**सक्ती।** समीपस्थ ग्राम सकरेली कला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण बाल लीला और माखन चोरी की कथा विस्तार से सुनाई गई। निकटवर्ती गांव सकरेलीकला में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम के स्कूल चौक के पास विशाल पंडाल बनाया है, जहां आसपास के गांवों से विशाल जनसमूह ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। सकरेली कलां की पहचान धार्मिक ग्राम के रूप है, जहां हमेशा धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। व्यास पीठ पर पं. मनोज तिवारी विराजमान हैं। पांचवें दिन बाल लीला और पूतना वध कर उनके उद्धार की कथा सुनाई। बच्चों की कृष्ण टोली की आकर्षक झांकी ने सबका मन मोह लिया। सहज-सरल भाषा में कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर होकर भक्ति मय वातावरण कथा का रसपान करते रहे। इससे पूर्व दिवस में कृष्ण जन्मोत्सव की कथा ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भव्य झांकी में नंद बाबा आधी रात को तूफानी प्रतिकूल मौसम में बाल कृष्ण को कारागार से निकाल कर सुरक्षित स्थल में ले गए। भव्य आकर्षक झांकी में बाल कृष्ण की श्रोताओं ने आरती उतारी। पं. मनोज तिवारी ने बताया कि कृष्ण ने कंस का वध कर मानव को परम सुख प्रदान किए हैं। सकरेली कलां में 17 नवंबर से भागवत कथा निरंतर जारी है, जो 25 नवंबर तक चलेगा।



## आगजनी की घटना में कैमरा और पेपर हुए स्वाहा

**बलौदा।** कोरबा रोड पर वार्ड नंबर-9 में शनिवार की रात पटवारी कार्यालय के बगल में प्रॉपर्टी डीलर डी निशाद राज के ऑफिस में आग लग गई।

आग से ऑफिस में रखे जरूरी दस्तावेज, सीसी टीवी कैमरा और अन्य सामान जलकर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि ऑफिस के बाहर गेट तक लपटें उठ रही थीं। आग करीब शाम 6 से 7 बजे के बीच लगी। आग लगी देखकर आस-पड़ोस के दुकानदार और नागरिक मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ।

आग लगने की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस मौके पर पहुंची। नगर पंचायत के फायर बिग्रेड को बुलाया गया। दमकल के अलावा स्थानीय लोगों के प्रयास से कुछ देर में आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि जिस समय आग लगी ऑफिस बंद था। ऑफिस संभालने वाले दीपक कैवर्त निजी काम से गए थे। आसपास के लोग और दुकानदारों ने ऑफिस के शटर से आग की लपटें निकलते देखी। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोशिश

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के ग्राम पंचायत बुड़ेना सेक्टर अवरीद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत वीरांगना दिवस और बाल अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रियंका सिंह, जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष कांता कश्यप, सभापति आरती तिवारी, पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, प्रतिनिधि मनमोहन कश्यप, सीडीपीओ आईसीडीएस जांजगीर, हाई स्कूल बुड़ेना के प्राचार्य मनहर सर, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड लाइन जांजगीर से काउंसलर अल्का और कैश वर्कर भगीरथी सहित अन्य उपस्थित रहे। कन्या जन्म उत्सव, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बाल विवाह निषेध शपथ और जागरूकता रैली भी निकाली गई। अधिकारियों ने बालिकाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और बाल विवाह रोकने पर जोर दिया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह आयोजन योजना को मजबूत बनाने और जन-जागरूकता फैलाने में सफल रहा।

## एनएसएस के कैंप में श्रमदान किया छात्रों



**अकलतरा।** नगर के शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खटोला में आयोजित हो रहा है। शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्रों का आयोजन हुआ। महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी राजेश्वरी पाटले ने कुपोषण निवारण व बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के संबंध में जानकारी दी।

साथ ही शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा जायसी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य, युवा शक्ति की भूमिका व राष्ट्र निर्माण विषय पर जानकारी दी। यूनिसेफ के जिला समन्वक विनोद कुमार साहू ने तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम को अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के सत्यनारायण यादव, भावेश देवांगन, जितेंद्र कुमार, डॉ. संध्या ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने गांव में श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति गांव के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मधुलिका साहू, अब्दुल नवाब खान, अभिषेक प्रधान और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कब आते हैं शिक्षक स्कूल में, निगरानी हुई सख्त

**जांजगीर।** जिले में स्कूली बच्चों के आधार से संबंधित विभिन्न समस्याओं जैसे बायोमेट्रिक अपडेट, डेमोग्राफिक अपडेट, अपार आईडी के लिए 25 नवम्बर तक आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के समस्त संकुल स्तर के स्कूल में जिला ई-गवर्नेंस चिप्स विभाग द्वारा शिक्षा विभाग से समन्वय कर आधार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुनील कुमार साहू ने बताया कि बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए जिले के समस्त आधार ऑपरेटर्स के माध्यम से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## एसआईआर में प्लेसमेंट कर्मी रहे सहयोग

**बलौदा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में तैनात बीएलओ को सहयोग करने के लिए नगर पंचायत बलौदा के प्लेसमेंट कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमओ हरदयाल रात्रे ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जो बीएलओ का सहयोग करेंगे। सीएमओ ने बताया कि बीएलओ के साथ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो कि नागरिकों को अपने फॉर्म आसानी से भरकर जमा करने में बीएलओ के मदद करेंगे। बीएलओ मनोज धृतलहरे के साथ चंद्रमोहन श्रीवास गुरुघासीदास चौक ठड़गाबहार में, बीएलओ महेश कुमार मिरी के साथ गोपाल आदित्य सुनाऊं देवांगन टेंट हाउस के पास, बीएलओ बजरंग कुंभकार के साथ करण सिंह हलवाई चौक, बीएलओ अजय कुमार सोनी के साथ कृष्ण कुमार सोनी श्याम बाजार चौक, बीएलओ अमजद मोमिन के साथ महेन्द्र कुमार रगड़े बुधवारी चौक, बीएलओ रूपनारायण देवांगन के साथ निर्मला कैवर्त बाजार पारा स्कूल हरदी बाजार रोड, बीएलओ अयोध्या सिंह ठाकुर के साथ प्रमिला कंस्कार बाजार पारा स्कूल बिजली ऑफिस के पास, बीएलओ राजेंद्र राठौर के साथ विनय गौरहा सदर प्राथमिक शाला और बीएलओ मुकेश कुमार साहू के साथ प्रमोद देवांगन बुधवारी बाजार कन्या शाला के पास उपलब्ध रहेंगे।

# कई अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, कुछ आते हैं केवल घंटे भर के लिए

## ऐसी स्थिति में मरीजों को नहीं मिल पा रही सुविधा

**बिलासपुर।** जिले के सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह 9 बजे से डॉक्टर व स्टाफ को ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश है, लेकिन ज्यादातर जगहों पर डॉक्टर देर से आते हैं। मीडिया ने जब सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर देखा तो कई जगहों पर दोपहर तक डॉक्टर नहीं पहुंचे थे। वहीं दोपहर दो के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले।

जहां डॉक्टर-स्टाफ मिले, वहां दवाएं नहीं थीं। मरीजों के परिजन को बाहर से दवा खरीदने के लिए भेजा गया। यह स्थिति तब है, जब स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से लेकर कलेक्टर व सीएमएचओ भी डॉक्टरों को समय पर पहुंचने और इलाज करने के निर्देश दे चुके हैं। यहां पढ़ें, अस्पतालों में क्या हालात सामने आए... 1.20 बजे, पीएचसी शिवतराई- सिर्फ एक नर्स मिली, वही जांच और दवा लिख रही थी। 2.20 बजे, उप स्वास्थ्य केंद्र सकरी- केंद्र पर ताला; लोगों ने कहा सप्ताह में केवल दो दिन खुलता है। 2.50 बजे, उप स्वास्थ्य केंद्र उसलापुर- यहां भी ताला; कहा गया सिर्फ टीकाकरण वाले दिन खुलता है।

3.00 बजे, उप स्वास्थ्य केंद्र मंगला बंद मिला। 2 अस्पताल में भीड़ थी, लेकिन सिर्फ एक डॉक्टर मौजूद था। कमरा नंबर 4 में कोई डॉक्टर ही नहीं था, नर्स थी जिन्होंने सामान्य



सर्दी-खांसी होने पर इंजेक्शन लगाने की बात कही। पैथोलॉजी में लीवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी), थायराइड , सीरम बिलिरुबिन, सिकलसेल, विटामिन डी, लिपिड प्रोफाइल समेत अधिकांश जांच होती ही नहीं है। एक फार्मासिस्ट और एक आरएमए ही मौजूद था। आरएमए भी अपने कक्ष में न होकर बाहर धूप सेंक रहा था।

मीडिया रिपोर्टर जब मरीज बनकर पहुंचा तो आरएमए ने दवाइयां लिख दी, जब डॉक्टर के बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि यहां डॉ. श्याम सोनी है 11.30 बजे तक अस्पताल नहीं पहुंचे थे। संभाग के 44 अस्पतालों में एक्सपर्ट चिकित्सक नहीं हैं। यहां 288 विशेषज्ञों की स्वीकृति है, लेकिन महज 93 ही कार्यरत हैं। काउंटर में एक महिला पर्ची काट रही थी। अंदर सिर्फ एक डॉक्टर मौजूद था। डॉ. दौलत राम मरार, डॉ. विक्रांत घोरे, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहुल झा, काउंसलर सूर्य प्रकाश जायसवाल, फिजियोलॉजिस्ट डॉ. प्रांजल सिंह, एचओ शारदा कश्यप अनुपस्थित थे।

सोनोग्राफी कक्ष, इंजेक्शन रूम और आयुष्मान भारत कक्ष बंद थे। चार स्टाफ नर्सें बाहर बैठी थीं। इलाज कराने पहुंची पेंडरवा की एक महिला ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहुल झा अक्सर नहीं मिलती और जब मिलती हैं तो सीधे मुंह बात नहीं करतीं। वहीं मदनपुर के व्यक्ति ने बताया कि उनकी पत्नी की डिलीवरी हुई है। यहां के डॉक्टर ने दवाइयां और इंजेक्शन के लिए 400 रुपए ले लिए। डॉक्टर जो दवा लिख रहे हैं उसमें आधी दवाइयां यहां मिलती है, बाकी बाजार से लेना पड़ रहा है। रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 10 बजे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे थे। केंद्र- स्वीकृत कार्यरत बिल्हा -6 3 कोटा - 6 3 रतनपुर -5 2 मस्तूरी -6 1 तखतपुर - 5 3 (वर्तमान स्थिति में) ट्रसीएचसी, पीएचसी से लेकर सभी अस्पतालों में डॉक्टरों को समय पर ही पहुंचने के निर्देश हैं। जहां समय पर डॉक्टर नहीं आ रहे हैं और मरीजों के इलाज में कोताही बरती जा रही है, तो ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री,

## अपराधिक तत्वों की निगरानी करने के दावे के साथ लगाए 32 कैमरे

**जांजगीर।** सारागांव क्षेत्र अब और अधिक सुरक्षित हो गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे क्षेत्र में सीसी कैमरे स्थापित किए गए हैं। एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार और थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष चौबे के प्रयासों से सारागांव के डबरी चौक, बस स्टैंड, सराफा मार्केट, बैंक परिसर, स्कूल क्षेत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 32 हाईटेक सीसी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे शहर की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखेंगे। इनमें मानव और वाहनों को श्रेणी के आधार पर पहचानने की क्षमता, भीड़भाड़ की स्थिति को स्वत: चिन्हित करने की तकनीक, संदिग्ध गतिविधियों का विश्लेषण और फेस रिकग्निशन जैसे विशेष फीचर्स मौजूद हैं। इन क्षमताओं के कारण किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकना और अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ना और आसान हो जाएगा। एसपी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि कैमरे विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में स्थापित किए गए हैं।



## 36 भाजियों के बारे में लोगों को मिलेगी जानकारी



**जांजगीर चांपा।** जिले के बहेराडीह गांव में आगामी 10 दिसंबर को किसान स्कूल में द्वितीय वर्ष राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा. इस महोत्सव में भाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पहला, दूसरा, तीसरा पुरस्कार के साथ ही 7 लोगों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान करते हुए. उन सभी को भाजी दीदी के रूप में सम्मानित किए जाएंगे.प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने बाड़ी, खेत से भाजी को तोड़कर टोकरी में सजाकर या फिर गमले या किसी पात्र में उगाई गई भाजी के साथ शामिल हो सकते हैं. वहीं सी भाजी महोत्सव में भजियों के खासियत और उन्हें पाए जाने वाले विटामिन प्रोटीन के बारे में बताया जाएगा. किसान स्कूल संचालक दीनदयाल यादव हमारे भारत का पहला एकमात्र किसान जो छत्तीसगढ़ के कृषि प्रधान जिला जांजगीर चांपा के एक छोटे से गांव बहेराडीह में स्थित है, जिसे पत्रकार स्व कुंज बिहारी साहू किसान स्कूल के नाम से जाना जाता हैं, जहां पिछले साल भी 10 दिसंबर 2024 को जिले के तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति पर बहुत अच्छी शुरुआत की थी, और इस बार भी 10 दिसंबर 2025 को हम राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव मनाने की हमारी तैयारियां ज़ोरों पर हैं.

**भाजी महोत्सव में उद्यान विभाग**

इस भाजी महोत्सव में कृषि सखी पशु सखी और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हमारी दीदियां हैं, वह भी, पूरे पोषण आहार की पूर्ति के लिए तिरंगा भोजन के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से भाजी महोत्सव में तरह तरह-तरह की भाजियां सब्जियां, टुकनी में और अलग-अलग पात्रों में लेकर पहुंचेंगे।

## अनमोल वचन......

आपके शरीर का सबसे सेक्सी कर्व आपकी मुस्कुराहट है। इसे शान से दिखाइए!

## देश में फिर मंडराता आतंक का साया

*पाकिस्तान को सबक सिखाने के क्या माध्यम हमारे पास हैं। ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरह बीच में रोक दिया गया, उससे सवाल ज्यादा गंभीर हो गए हैं। बिना इनका जवाब दिए देश में आश्वस्ति का वातावरण नहीं बनाया जा सकेगा। दिल्ली में लाल किले के पास कार विस्फोट से ठीक पहले सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद में एक बड़े 'आतंकवादी मॉड्यूल' का भंडाफोड़ करने का दावा किया। बताया गया कि उस मॉड्यूल के तार कश्मीर तथा उत्तर प्रदेश में सहारनपुर तक फैले हुए थे। उसके तार आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार ग़जवातुल हिंद से जुड़े थे। इस मॉड्यूल के सक्रिय होने का सूचना सुरक्षा बलों को तब मिली, जब एक मेडिकल डॉक्टर की श्रीनगर में जैश के समर्थन में पोस्टर लगाने के इल्जाम में गिरफ्तारी हुई।*

*तो सोमवार दोपहर फरीदाबाद में छापेमारी के दौरान 2,900 किलोग्राम विस्फोटक और हथियार पकड़े जाने की चर्चा से सनसनी फैली। उसके कुछ घंटे पहले गुजरात से खबर आई थी कि वहां आतंकवाद विरोधी दस्ते ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा है। लाल किले के पास विस्फोट इसी के बाद हुआ, जो हर लिहाज से लोगों को हिला देने वाला था। तो जाहिर है, तुरंत इस घटना को आतंकवाद से जोड़ कर देखा गया। हालांकि सुरक्षा बलों ने तुरंत इसकी पुष्टि करने से इनकार किया, लेकिन वारदात के बाद से मीडिया में आई सूचनाओं ने ऐसे संदेह को और गहरा ही बनाया है। इन घटनाओं से देश में आतंक का साया फिर मंडराता महसूस होने लगा है। गुजरे 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल ने एक भाषण में कहा था कि जम्मू-कश्मीर को छोड़ बाकी पूरे देश को दहशतगर्दी से मुक्त करा दिया गया है। उनके उस बयान से जो आश्वस्ति का संदेश मिला, उसे ताजा घटनाओं से गहरा झटका लगा है।*

*इसी बीच आतंक की हर घटना के तार पाकिस्तान से जुड़े की चर्चा स्वाभाविक रूप से होती है और ताजा मामलों में भी ऐसा होने की स्थिति है। मगर सवाल है कि आतंक के संचालकों को अपने देश में ऐसे लोग क्यों मिल जाते हैं, जो उनके मकसद पूरे करते हैं। और फिर पाकिस्तान को सबक सिखाने के क्या माध्यम हमारे पास हैं? ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरह बीच में रोक दिया गया, उसके बाद ऐसे सवाल ज्यादा गंभीर हो गए हैं। बिना इनका जवाब दिए देश में आश्वस्ति का वातावरण नहीं बनाया जा सकेगा।*

## क्या राहुल गांधी अपने पूर्वजों की लेगसी सम्हालने में सक्षम हैं ?

//अजय दीक्षित//

**कांग्रेस 2014 अब तक तीन आम चुनाव 2014,2019,2024, और लगभग 81 राज्यों के विधानसभा चुनावों में राहुल गांधी के नेतृत्व में हार चुकी है। 2004 से संसद सदस्य, अविवाहित , गांधी , नेहरू परिवार के बारिस, 52 वर्षीय राहुल गांधी इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं । उनके पिता के मित्र सैम पित्रोदा कहते हैं कि राहुल गांधी में असीमित क्षमता है लेकिन माध्यम नहीं है। हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर कहते हैं कि वह इतने चुनाव हारने के बाद भी राजनीतिक मैदान में डटे हुए हैं। जबकि प्रशांत किशोर कहते हैं कि राहुल एक दिन इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ परिवार उन्हें अपरिपक्व व्यक्ति मानता है जिसे कांस्टेबल की योग्यता होने के बाबजूद आईएएस की परीक्षा में बिठाया जा रहा है। लेकिन यह सत्य है कि आज के दिनांक में कांग्रेस के पास उनका कोई विशेष विकल्प नहीं है।**

बिहार विधानसभा चुनावों में प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का राहुल गांधी के कारण एक विभाजन हो सकता है। कांग्रेस की सहयोगी पार्टियां जैसे राजद, तुड़मूल कांग्रेस, डीएमके,आप, समाजवादी पार्टी, और कांग्रेस के अंदर कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के फैसलों से हड़प्रभ हो जाते हैं और तो और उनकी बहन , प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे भी कभी कभी असहज हो जाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक फैसला तो उन्होंने कागज फाड़ कर बापिस करा दिया था। उनके पर नाना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू,एक संपूर्ण राजनेता थे और आजादी के पहले और बाद में भारत के नीत निर्धारक, निर्माता, रहे । राहुल गांधी की दादी स्व श्रीमती इंदिरा गांधी,पिता राजीव गांधी देश के वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे पूरा कुनवा 43 वर्ष प्रधानमंत्री रहा है और राहुल गांधी भी 2009 में ही प्रधानमंत्री बन सकते थे अगर उनकी मां सोनिया गांधी का सोच राजनीतिक होता तो।

कांग्रेस अध्यक्ष पद की बात करें तो जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू 1925,1929,1931, में कांग्रेस अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। जवाहर लाल नेहरू तो आजन्म ,दादी स्व श्रीमती इंदिरा गांधी 17 वर्ष, राजीव गांधी 10 वर्ष, मां सोनिया गांधी 17 वर्ष और वे स्वयं भी अध्यक्ष पद पर आसीन रहे।कुल मिलाकर राहुल गांधी की लेंगेसी बहुत बड़ी है। लेकिन राहुल गांधी अब तक ऐसी दशा उत्पन्न नहीं कर पाए है कि उन्हें गांधी नेहरू परिवार का राजनीतिक बारिस माना जा सके अब तक वे बायोलॉजिकल बारिस ही हैं। हालांकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है फिर भी राजनीतिक कुनबे हैं जिनमें डीएमके के स्टालिन, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, प्रमुख है। लेकिन राहुल गांधी पर बहुत बड़ी लीगेसी है। यद्यपि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है 880 मिलियन वोटर है पूरे देश में वे विभिन्न धर्मों, सम्प्रदाय, क्षेत्रों के है । संस्कृति भी भिन्न है और प्रत्येक 200 किलोमीटर से भाषा, बोली, रहन सहन बदल जाता है। ऐसे में पूरे देश में राष्ट्रीय स्तर तक राजनेता होना बड़ी मुश्किल का काम है। राहुल गांधी के पर नाना जवाहरलाल नेहरू को पूरे देश में यह मुकाम हासिल हुआ वे दक्षिण भारत में भी लोकप्रिय थे और पूर्वोत्तर राज्यों में भी उनकी लोकप्रियता थी हिंदी पट्टी में भी समान रूप लोकप्रिय थे उनके बाद राहुल गांधी की दादी स्व श्रीमती इंदिरा गांधी भी अपने पिता की भांति लोकप्रिय थी ।कुछ हद राजीव गांधी भी लोकप्रिय रहे।

लेकिन राहुल गांधी इस श्रृंखला के सबसे कमजोर कड़ी है। वे कांग्रेस को एक भी बार सत्ता में नहीं ला सके है । आज के समय वे लोकसभा चुनावों में 200 सीट भी कांग्रेस को दिलवा दे तो प्रधानमंत्री बन सकते हैं लेकिन अभी उनके लिए दिल्ली दूर ही है । राज्यों में कांग्रेस सरकार नहीं है क्योंकि राहुल गांधी में वे जादू नहीं हैं जो कभी इंदिरा गांधी में हुआ करते थे। केवल कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश में सरकार है।जबकि भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर मेघालय मिजोरम सिक्किम,असम, नागालैंड, गोवा,में सरकारें है। बिहार विधानसभा चुनावों में राहुल गांधी की भूमिका की चर्चा हो रही है क्योंकि इन चुनावों कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। केवल छह सीट ही जीत सकी है। गठबंधन निपुणता का अभाव राहुल गांधी में देखा गया।

## एस आई आर को लेकर पश्चिमी बंगाल में भगदड़ क्यों हो रही है

//अजय दीक्षित//

**मतदाता सूची गहन परीक्षण को लेकर पश्चिमी बंगाल में भगदड़ मच गयी है, भारी संख्या में संदेहास्पद लोग पश्चिमी बंगाल छोड़कर बांग्लादेश, बिहार, ओडिशा चोरी छिपे जा रहे हैं।यह सिलसिला पूरे प्रदेश से हो रहा है।जबकि चुनाव आयोग की मशीनरी ने 99 फीसदी मतदाताओं को एस आई आर के फॉर्म उपलब्ध करा दिए हैं ये फॉर्म बीएलओ के पास पांच दिसम्बर 2025 तक जमा होने है ताकि कंप्यूटर में दर्ज हो जाए। उल्लेखनीय है कि अभी पश्चिमी बंगाल में सात करोड़ छियासत लाख मतदाता सूचियों में दर्ज है। दूसरी ओर पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राहुल गांधी वोट चोरी रैली 22 नवंबर को कोलकाता में आयोजित कर रहे हैं।**

पश्चिमी बंगाल में चुनाव आयोग, केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार आमने सामने आ गए हैं। राज्य सरकार की मशीनरी असहयोग पर उतारू है। बताया जाता है कि पश्चिमी बंगाल में 15 से 20 फीसदी मतदाता सूचियों में से हट सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को सूचित किया है कि गांव गांव फर्जी आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, भारी संख्या में जलाए जा रहे हैं। कोलकाता से प्रकाशित हिंदुस्तान टाइम्स ने अपने 14 नवम्बर के अंक में फ्रंट पेज पर लिखा है कि हाऊ इट इस पॉसिबल इस रिपोर्ट में जगह जगह आग में अधजले आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड के चित्र है। सूत्रों के मुताबिक अकेले मुशिदाबाद जिले में दो लाख फर्जी मतदाता है और अन्य जिलों में तो और भी अधिक है।

आइबी रिपोर्ट के मुताबिक लोग मतदाता सूचियों में से हटाए जाने और उसके बाद डिपोर्ट किए जाने से डरे हुए हैं। वास्तविक दृश्य और भी भयाभय है क्योंकि यह सब राज्य सरकार की मर्जी से हो रहा था। आजादी के बाद से पहले बांग्लादेश से लोग पलायन कर रोजगार की तलाश में भारत आए और यह सिलसिला 70 के दशक में तेज हुआ । विशेषकर मुस्लिम समाज के लोग लगातार आते रहे। तत्कालीन समय में सरकार के पास एक राशन कार्ड ही प्रमाण पत्र था जो नागरिकता को सत्यापित करता था पूरे देश में यही प्रणाली थी । पश्चिमी बंगाल में तब कांग्रेस का शासन होता था और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मुख्य विपक्षीय दल था । लेकिन 1977 में सीपीआई से अलग होकर सीपीएम ने सत्ता हस्तांतरण कर लिया। बताया जाता है उसके बाद सीपीएम ने अपना वोट बैंक बनाने के लिए शरणार्थी को नागरिक बनाने के लिए राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, दिए। उसके चलते सीपीएम 2011 तक सत्ता में रही और अब तक पूरे बंगाल में एक करोड़ मुस्लिम शिफ्ट हो गए। 2011 के बाद यही तबका तुड़मूल कांग्रेस में चला गया। लेकिन 2014 के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने खोजबीन शुरू की और एजेंसीज को लगाया गया।2021 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक 74 सीट जीती थी और तब ही मालूम हुआ कि एक तबका जो भारतीय नहीं है वह फर्जी मतदाता सूचियों में दर्ज है। इस लिए भगदड़ मच गयी है कि अब भारत में रहना आसान नहीं है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्रालय राष्ट्रीय नागरिक कानून बना रहा है और जो लोग गैर भारतीय है उन्हे डिपोर्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी,राहुल गांधी इस लिए वोट चोरी रैली निकाल रहे हैं कि उनका कोर मतदाता सूचियों से विलोपित हो रहा है और डिपोर्ट करने से वे अधिक परेशान हैं लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जो भारतीय नहीं है वह इस देश के लोग के हितों पर कब्जा कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तो बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना है क्योंकि पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी ने कांग्रेस को एक भी सीट देने से इनकार कर दिया है। बांग्लादेश के जो हालत हैं उससे वहां और पश्चिमी बंगाल के हिंदू बहुत परेशान हैं क्योंकि उनके रिश्तेदार बांग्लादेश में रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरराज सिंह तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाए हैं कि वह बांग्लादेश के इस्लामी जमातियों से मिल कर काम कर रही है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

**वृष राशि :** आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी। घर में धार्मिक कार्य करने की योजना बन सकती है।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहे।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होंगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**तुला राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधीबिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी

**धनु राशि :** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है, आपका काम सरल तरीके से होता रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।

**मीन राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

## नई श्रम संहिताएँ सुधार की दिशा में बड़ा कदम, मगर इनकी सफलता सही क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी

//नीरज कुमार दुबे//

**देखा जाये तो यह सुधार भारत के श्रम परिदृश्य को भविष्य-तैयार और अधिक न्यायसंगत बना सकता है। लेकिन यदि इनका क्रियान्वयन कमजोर रहा, तो यह वही कहानी दोहराएगा— यानि बड़े वादों के नीचे दबा हुआ श्रमिक का वास्तविक संघर्ष। 21 नवंबर 2025 से लागू हुई चार नई श्रम संहिताएँ— वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता, सिर्फ़ कानूनों का पुनर्गठन भर नहीं हैं, बल्कि यह आधुनिक अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पहचानने वाला ढाँचा है।**



सरकार इसे आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा श्रम सुधार बता रही है, जबकि ट्रेड यूनियनें इसे श्रमिक-अधिकारों पर तलवार मान रही हैं। परंतु सच यह है कि इन संहिताओं के भीतर अवसर और जोखिम दोनों छिपे हुए हैं और वास्तविक फर्क इनकी जमीनी क्रियान्वयन-क्षमता ही तय करेगी। सबसे पहले, इन संहिताओं का सबसे सकारात्मक तत्व यह है कि वे भारत की श्रम व्यवस्था को एकीकृत, सरल और दस्तावेज़ी बनाती हैं। नियुक्ति पत्र अनिवार्य होना, न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक अधिकार, गिग और प्लेटफॉर्म कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, ये ऐसे कदम हैं जिन्हें लंबे समय से औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने की प्रतीक्षा कर रहे करोड़ों कर्मचारियों को एक नई पहचान देते हैं। यह कानूनी ढांचा न केवल श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ा सकता है, बल्कि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व भी मजबूत कर सकता है। लेकिन, यह तस्वीर का सिर्फ़ एक भाग है। दूसरी ओर, इन संहिताओं में नियोक्ता-पक्षीय प्रावधान भी हैं– विशेषकर छंटनी की मंजूरी सीमा को 100 से बढ़ाकर 300 कर्मचारियों तक ले जाना। इसे उद्योग-अनुकूल लचीलेपन के नाम पर प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इसका अर्थ है कि हज़ारों इकाइयाँ अब बिना सरकारी अनुमति के बड़े पैमाने पर छंटनी कर सकेंगी। यह संभावना वास्तविक चिंता पैदा करती है कि कहीं श्रम-बाज़ार में स्थायित्व के बदले अस्थिरता न बढ़ जाए। इसी प्रकार, कार्य-घंटों में बढ़ोतरी और औद्योगिक विवादों में उच्चतर अनुपालन-सीमा श्रमिकों को दबाव में डाल सकती है। नई संहिताएँ महिलाओं के लिए सुरक्षित रात्रिकालीन कार्य की अनुमति देती हैं। यानि यह एक सराहनीय बदलाव है। पर यह तभी प्रभावी होगा जब सुरक्षा-प्रबंध, परिवहन और निगरानी-तंत्र उतनी ही गंभीरता से लागू हो। अन्यथा, सहमति आधारित रात्रि-कार्य कागज़ पर सशक्तिकरण और ज़मीनी स्तर पर अतिरिक्त जोखिम बनकर रह सकता है। समान वेतन और समान अवसर का अधिकार तभी सार्थक होगा जब निजी व सरकारी दोनों क्षेत्र व्यावहारिक उपायों में निवेश करें। सामाजिक सुरक्षा संहिता में गिग और प्लेटफॉर्म कर्मियों को औपचारिक ढाँचे से जोड़ना ऐतिहासिक है– किन्तु इसका परिणाम पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि योगदान का मॉडल कैसा बनेगा, नियमन कितना पारदर्शी होगा और अधिकारियों की जवाबदेही कैसे तय होगी। यदि सामाजिक सुरक्षा कोष के स्रोत स्पष्ट न हों, तो यह कदम एक बार फिर प्रतीकात्मकता में बदलने का जोखिम रखता है। औद्योगिक संबंध संहिता में त्वरित विवाद-निपटान, रिस्किलिंग फंड और निश्चित अवधि के रोजगार को औपचारिक मान्यता जैसे सुधार उद्योगों के लिए सकारात्मक माने जा सकते हैं। परन्तु इन सबके बीच यह भी ज़रूरी है कि श्रमिकों और ट्रेड यूनियनों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले, और संवाद-तंत्र महज औपचारिक न होकर वास्तविक भागीदारी पर आधारित हो।

मुद्दा यह नहीं कि संहिताएँ अच्छी हैं या बुरी। मुद्दा यह है कि क्या भारत उस संस्थागत क्षमता, नियामकीय मजबूती और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ इस परिवर्तन को जमीन पर उतारने को तैयार है। पुराने श्रम कानूनों की सबसे बड़ी विफलता उनकी जटिलता नहीं, बल्कि उनका कमजोर क्रियान्वयन था। यदि नई संहिताएँ भी इसी राह पर चलीं, तो सुधार सिर्फ़ स्लोगन बनकर रह जाएगा। बहरहाल, इन संहिताओं का वादा एक ऐसे श्रम बाज़ार का है जो पारदर्शी भी हो, उद्योग-अनुकूल भी और श्रमिकों के लिये सुरक्षात्मक भी। पर यह संतुलन केवल नियमों से नहीं, बल्कि विश्वसनीय निगरानी, निष्पक्ष प्रवर्तन और श्रमिकों के हितों को केंद्र में रखकर ही संभव होगा। यदि सरकार इस दिशा में सुसंगत और संवेदनशील कदम उठाती है, तो यह सुधार भारत के श्रम परिदृश्य को भविष्य-तैयार और अधिक न्यायसंगत बना सकता है। लेकिन यदि इनका क्रियान्वयन कमजोर रहा, तो यह वही कहानी दोहराएगा– यानि बड़े वादों के नीचे दबा हुआ श्रमिक का वास्तविक संघर्ष।

## स्वीरों की दुनिया



प्रयागराज में संगम पर नावों के ऊपर प्रवासी पक्षियों का झुंड उड़ रहा है।




नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आवारा कुत्तों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जानवरों से प्यार करने वाले लोग प्लेकार्ड पकड़े हुए हैं।



नरेंद्र मोदी, दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 लीडर्स समिट में अपनी इटैलियन काउंटरपार्ट जॉर्जिया मेलोनी के साथ मीटिंग के दौरान।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 समिट में शामिल होने के लिए पहुंचने पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने स्वागत किया।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।




केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली में यूनिटी मार्च के दौरान। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज और अन्य लोग भी दिख रहे हैं।




भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, 22 नवंबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में प्रशांति निलयम में श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष सत्र को संबोधित करती हुई।

# 17 साल बाद फिर बड़े आंदोलन की राह पर जम्मू इस मुद्दे पर मिला 60 से ज्यादा संगठनों का समर्थन



**जम्मू।** जम्मू में करीब 17 वर्ष बाद श्री अमरनाथ संघर्ष समिति की तर्ज पर श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति का गठन हुआ है। श्री सनातन धर्म सभा (जम्मू-कश्मीर) के आह्वान पर शहर के 60 से अधिक सामाजिक, धार्मिक, सामुदायिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एक बार फिर एक मंच के नीचे आए हैं। इस बार का मुद्दा है, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधीन आने वाले मेडिकल कालेज में एमबीबीएस सीटों के आवंटन का।बता दें कि कटड़ा में स्थित इस मेडिकल कालेज में 50 एमबीबीएस सीटों में से 42 मुस्लिम छात्रों को देने पर विभिन्न संगठन रोष जता रहे हैं। उनका कहना है कि हिंदू श्राइन बोर्ड के मेडिकल कालेज में हिंदू छात्रों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। क्योंकि देशभर के श्रद्धालु हिंदू धर्म से जुड़े कार्यों के लिए ही बोर्ड को दान देते हैं। ऐसे में बोर्ड के कालेज में लगभग सभी सीटें अन्य समुदाय को देना अनुचित है।श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कालेज में हाल ही में एमबीबीएस सीटों के आवंटन को लेकर उठे विवाद के बीच शनिवार को जम्मू के गीता भवन में श्री सनातन धर्म सभा के आह्वान पर बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम दधीचि ने की। इसमें ब्राह्मण सभा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राजपूत सभा, युवा राजपूत सभा, सेवा दल सहित शहर के 60 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में सीटों के आवंटन के मुद्दे पर श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति के गठन का निर्णय लिया गया। इसमें सर्वसम्मति से पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल सुखबीर सिंह मनकोटिया को संघर्ष समिति का संयोजक नियुक्त किया गया।

अब ये समिति आने वाले दिनों में अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी।वर्ष 2008 में श्री अमरनाथ भूमि विवाद को लेकर जम्मू में संघर्ष समिति का गठन हुआ था, जिसमें पूरा जम्मू एकजुट होकर प्रदेश सरकार के सामने खड़ा हो गया था। इससे सरकार की जड़ें हिल गई थीं और तत्कालीन केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद मांगें पूरी हुई थीं। उस आंदोलन में 12 लोग बलिदान हुए थे और 50 से अधिक जख्मी हुए थे।

# अमेरिका की अड़चन के बावजूद जी-20 घोषणापत्र अपनाया गया, दक्षिण अफ्रीका ने कहा- यह हमारे लिए एक महान पल है



**जोहानिसबर्ग, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शासनाध्यक्षों ने शनिवार को अमेरिका द्वारा रोकने के प्रयासों के बावजूद सर्वसम्मति से एक घोषणापत्र को स्वीकार कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग मामलों के मंत्री रोनाल्ड लामोला ने सरकारी चैनल एसएबीसी के साथ बातचीत में इस घोषणापत्र को बहुपक्षवाद की पुष्टि करार दिया। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक महान पल है, क्योंकि हमारा मानना है कि इससे अफ्रीका महाद्वीप में क्रांति आएगी। अमेरिका मेजबान देश के साथ राजनयिक मतभेद के चलते दो दिवसीय सम्मेलन का बहिष्कार कर रहा है। शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेने और अपनी अनुपस्थिति में घोषणापत्र को अपनाने के प्रयासों में बाधा डालने के अमेरिका के कदम के बारे में लामोला ने कहा कि जी-20 अमेरिका के साथ या उसके बिना भी बरकरार रहेगा। जी-20 को केवल आमंत्रित व्यक्ति की अनुपस्थिति के आधार पर ठप नहीं किया जा सकता। बहुपक्षीय मंच को सक्रिय रहना चाहिए। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से इसने अच्छा काम किया है, इसलिए दक्षिण अफ्रीका सभी बैठकों में यही संदेश दे रहा था कि हमें घोषणापत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। एपी के अनुसार, जी-20 के सदस्य देशों ने परंपरा से हटकर शनिवार को शिखर सम्मेलन की शुरुआत में ही घोषणापत्र को स्वीकार कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने कहा कि आमतौर पर घोषणापत्र को सबसे आखिर में अपनाया जाता है। लेकिन ऐसा लगा कि हमें घोषणापत्र को सबसे पहले स्वीकार करने की तरफ बढ़ना चाहिए। जोहानिसबर्ग में सम्मेलन की शुरुआत में ही नेताओं ने घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। जी-20 ने शनिवार को एक सख्त संदेश में कहा कि सभी देशों को किसी अन्य देश की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध जमीन पर कब्जे की धमकी या बल प्रयोग से बचना चाहिए। घोषणापत्र में वैसे तो किसी देश का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से रूस, इजरायल और म्यांमार के संदर्भ में दिया गया बयान माना जा रहा है।शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले राष्ट्राध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाए गए एक घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि विभिन्न देशों को मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना चाहिए।

## राजस्थान की सीमेंट फैक्ट्री में हादसा, यूपी के तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले में स्थित अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में शुक्रवार को काम कर रहे तीन मजदूरों पर 1100 डिग्री सेल्सियस पर उबलता हुआ पदार्थ गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मजदूर उत्तरप्रदेश में मीरजापुर जिले में चुनार के रहने वाले थे। मृतकों में दो मजदूर पहले ही दिन शुक्रवार को काम पर आए थे और हादसा हो गया। रास पुलिस थाना अधिकारी रोहिताश ने बताया कि फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम करते हैं। बायलर फटने से तीन मजदूरों पर अत्यधिक गर्म पदार्थ गिर गया, जिससे वे 90 फीसदी तक झुलस गए। मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।मृतकों में अजय कुमार, पप्पू कुमार एवं गोविंद शामिल हैं। तीनों की उम्र 21 से 25 वर्ष के बीच है। मजदूरों के स्वजनों को हादसे की सूचना देते हुए उनके शवों को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# मुंबई आतंकी हमले के बाद होना चाहिए था ऑपरेशन सिंदूर

## सीएम फडणवीस पहले ही दिखाना चाहिए था साहस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि यदि भारत ने नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई की होती तो कोई भी हमारे देश को दोबारा निशाना बनाने की हिम्मत नहीं करता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वह सीधे युद्ध में भारत को पराजित नहीं कर सकता, इसलिए पहलगाम में आतंकवादी हमला और हाल में दिल्ली में विस्फोट हुआ।26-11 हमले की 17वीं बरसी के अवसर पर गेटवे आफ इंडिया पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह केवल ताज और ट्राइडेंट होटलों पर हमला नहीं था। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। इस शहर पर हमला देश की संप्रभुता पर हमला था। यदि हम यह बात समझते और उस समय ऑपरेशन सिंदूर करने का साहस दिखाते तो कोई भी हम पर दोबारा हमला करने की हिम्मत नहीं करता। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई की थी।मुंबई में आतंकी हमला कर पाकिस्तानी आतंकियों ने 26 नवंबर, 2008 को समुद्री मार्ग से शहर में प्रवेश कर कहर बरपाया था। इसमें लगभग 166 लोगों की जान चली गई थी। फडणवीस ने कहा कि हालांकि 17 साल बीत चुके हैं, लेकिन हमारे दिलों में अभी भी दर्द है।

# दिल्ली ब्लास्ट केस में आरोपी को मिली अधिवक्ता से मिलने की अनुमति, पटियाला हाउस कोर्ट ने याचिका स्वीकारी

**नईदिल्ली, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुख्यालय में अपने अधिवक्ता से मिलने की मांग को लेकर लाल किला ब्लास्ट के सह-आरोपित जसीर बिलाल वानी द्वारा दायर याचिका को पटियाला हाउस की अदालत ने स्वीकार कर लिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने अधिवक्ता से मिलने संबंधी बिलाल की याचिका स्वीकार की।वहीं, शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने बिलाल की मांग ठुकरा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि एनआईए मुख्यालय में अधिवक्ता से मिलने की उसकी अर्जी को खारिज करने संबंधी ट्रायल कोर्ट का कोई आदेश आरोपित नहीं पेश कर सका। अदालत ने उक्त टिप्पणी तब की, जब आरोपित के अधिवक्ता ने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट ने अर्जी को मौखिक रूप से खारिज कर दिया था।




लाल किले के बाहर आत्मघाती हमला करने वाले मोहम्मद उमर के साथ साजिश रचने में जसीर बिलाल वानी भी आरोपित है। 10 नवंबर को हुए विस्फोट के मामले में वानी को 17 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। वह अनंतनाग का रहने वाला है। इस वारदात में 15 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में 18 नवंबर को ट्रायल कोर्ट ने जसीर बिलाल वानी को उसे 10 दिन के एनआईए कस्टडी में भेज दिया था।

# यज्ञ मंडप की वेदी पर दो धर्म ध्वजा का किया पूजन, 1000 तुलसी दल अर्पित कर भगवान राम का हुआ सहस्त्र नामार्चन



**अयोध्या, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

राममंदिर पर 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण के लिए चल रहे पांच दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन वेद की ऋचाओं की अनुगूंज के बीच राम मंदिर परिसर हवनकुंड में डाली गईं आहुतियों से सुवासित होता रहा। यज्ञ मंडप में नौ हवन कुंड बने हैं। शनिवार को इसमें यजमान दिन भर आहुतियां डालते रहे। पुरुषसूक्त से हवन हुआ। इससे पहले आचार्यों ने यज्ञ मंडप की वेदी पर राम मंदिर के मुख्य शिखर पर फहराई जाने वाली धर्मध्वजा का जोड़ा रखा। ध्वजा का षोडशोपचार पूजन विशेष मंत्रों से किया गया। इसमें राष्ट्र की उन्नति व विजय की कामना की गई। इसी पूजित ध्वजा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम मंदिर के मुख्य शिखर पर फहराएंगे। इससे पहले सुबह आठ बजे दूसरे दिन का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। इसमें एक हजार तुलसी पत्र से भगवान श्रीराम का सहस्त्र नामार्चन किया गया। यजमानों ने भगवान के चरणों में तुलसी दल अर्पित किए। प्रारंभ में आचार्यों ने पहले दिन की तरह ही भगवान गणपति का पूजन संपन्न कराया और पंचांग, षोडष मातृका पूजन के बाद अतिथि मंडप प्रवेश किया। इसके बाद योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन हुआ। उधर भगवान शिव, गणेश, अन्नपूर्णा, मां दुर्गा, हनुमानजी के मंदिरों में भी ब्राह्मण जप में निमग्न रहे। सुबह ही इन देवी देवताओं की भी पूजा आरती हुई। प्रधान मंडप के रूप में रामभद्र वेदी पर यजमानों ने द्रव्य अर्पित कर अर्चना की।अनुष्ठान का समापन यज्ञ मंडप में भगवान की आरती के बाद हुआ। अनिल कुमार, मिश्र, राजपरिवार के शैलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, शैलेंद्र कोरी सहित अन्य यजमानों ने अर्द्धांगिनी के साथ पूजन किया। मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे, यज्ञ के ब्रह्मा व आचार्य पंकज शर्मा ने पूजन संपन्न कराया। प्रमुख आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक की देखरेख में अनुष्ठान संपन्न हुआ। पंकज कौशिक ने बताया कि पुरु सूक्त व अन्य मंत्रों से तीसरे दिन भी हवन पूजन होगा।

पीएम के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी पहुंच चुकी है। उनका विमान पहले एयरपोर्ट पर उतरेगा, वहां से वह हेलीकाप्टर से साकेत महाविद्यालय में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे।साकेत महाविद्यालय से रामजन्मभूमि तक वह सड़क मार्ग से जाएंगे। इसी अवधि में उनका रोड शो होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। यह हेल्प डेस्क महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, बस स्टेशन अयोध्या धाम, अयोध्या बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन अयोध्याधाम व रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट है। यहां तैनात अधिकारी अतिथियों की सहायता करेंगे।ध्वजारोहण में शामिल होने आ रहे अतिथियों को विशिष्ट प्रसाद देने की तैयारी है। राम निवास मंदिर प्रांगण में काजू, बादाम, पिस्ता के लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। प्रसाद में रोली, चंदन, सरयू जल रखने की तैयारी है। इन सबको प्रसाद के रूप में दो मीठा, इलायची दाना, रोली, चंदन भी दिया जाएगा इसी पैकेट में रखने के लिए ट्रस्ट 50 क्विंटल लड्डू बनवा रहा है।

# उत्तराखंड में इस जगह नहीं बांटे जाएंगे शादी के कार्ड, खुद जाकर निमंत्रण ना देने पर लगेगा एक लाख का जुर्माना



**सहिया, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

ग्राम सवाई में गांव के स्याणा आनंद सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई ग्रामीणों की बैठक में परंपराओं के सरंक्षण और अनावश्यक खर्च तथा नशाखोरी पर रोक के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय किये गए। बैठक में शादी-विवाह में शराब और बियर परोसने पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया।यह भी निर्णय लिया गया कि अब विवाह के कार्ड नहीं बांटे जाएंगे। जिस घर में शादी होगी, उस परिवार के सदस्य खुद घर-घर जाकर ग्रामीणों को निमंत्रण देंगे। शादी के कार्ड केवल रिश्तेदारों को ही दिए जाएंगे। जो परिवार इन नियमों का उल्लंघन करेगा, उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा।बैठक में कहा गया यदि कोई ग्रामीण इस निर्णयों का उल्लंघन करेगा तो गांव के लोग उसके विवाह में शामिल नहीं होंगे। इस मौके पर मामा पक्ष की ओर से शादी-विवाह में दिया जाने वाला बकरा और कच्ची शराब पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रईणी भोज में परिवार द्वारा केवल मिठाई और फल ही दिए जाएं। ड्राई फ्रूट, गिफ्ट पैक, वस्त्र, चांदी का सिक्का देना प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार पहले बेटे की शादी में विवाहित बेटियों द्वारा दिये जाने वाले बकरे की परंपरा भी खत्म करने का निर्णय लिया गया। शादी में अब फास्ट फूड भी नहीं परोसा जाएगा।

सादगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शादी-विवाह व रईणी भोज में महिलाओं के लिए केवल तीन प्रकार के गहने पहनने की अनुमति होगी। इसमें नाक की फुली, कान की झुमकी या तुंगल और गले का मंगलसूत्र शामिल है। इस मौके पर मठोर सिंह, सरदार सिंह, सियाराम, केशर सिंह, गुड्डू सिंह, सिना सिंह, कल सिंह, अनवीर सिंह, कपिल चौहान, विरेंद्र सिंह, विपिन दास, बलवीर वर्मा, मनोहर सिंह, विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बैंक धोखाधड़ी में सतपाल सिंह का उन्मोचन प्रार्थना पत्र खारिज, 26 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का है आरोप

**गाजियाबाद।** मामले में सीबीआई न्यायालय ने सतपाल सिंह का उन्मोचन प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। इस मामले में केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ था। लगभग 26 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक से धोखाधड़ी का आरोप था।जांच में पाया गया कि सतपाल सिंह गुरु कृपा एंटरप्राइजेज नामक फर्म का साझेदार होते हुए अन्य संबंधित कंपनियों के साथ मिलकर षडयंत्र करने का आरोप है। सतपाल सिंह ने अपनी अर्जी में बताया कि कि वह इस्पात और इस्पात सेक्शन का व्यापार करता है। उसका कार्य विभिन्न कारखानों को कच्चा माल उपलब्ध कराना है।जिस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज है उसने उसके पक्ष में 13 ऋण पत्र जारी कराए थे। जिनके माध्यम से इस्पात सामग्री खरीदी गई थी। उसने सामग्री विधिवत खरीदी और संबंधित कंपनी को उपलब्ध कराई। सीबीआई ने आपत्ति दर्ज करते हुए स्पष्ट किया कि अभियुक्त के सभी दावे गलत हैं। न्यायालय ने दस्तावेजों के साक्ष्य का अवलोकन करते हुए अभियुक्त का उन्मोचन प्रार्थना पत्र निराधार पाया। उन्मोचन पत्र को खारिज कर दिया।

## एकमुश्त बिजली बिल जमा करने पर सरचार्ज होगा पूरा माफ, मूलधन में मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

**अलीगढ़।** विद्युत निगम ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू कर दी है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण मंडल द्वितीय राहुल बाबू ने बताया कि नेवरपेड और लंबे समय से बिल न भरने वाले लोगों को अनपेड श्रेणी के उपभोक्ताओं को इस योजना से सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।उन्होंने बताया कि योजना के तहत बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। एक से 31 दिसंबर तक पहले चरण में यह पूरी छूट होगी। दूसरे चरण में 1 से 31 जनवरी तक पंजीकरण कराने पर 20 प्रतिशत छूट होगी। जबकि 1 से 28 फरवरी तक तीसरे चरण में 15 प्रतिशत छूट होगी।जो उपभोक्ता पहले पंजीकरण कराएंगे उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। यह योजना घरेलू 2 किलोवाट तक और वाणिज्यिक 1 किलोवाट तक उपभोक्ताओं पर लागू होगी। बिजली चोरी प्रकरणों में भी राजस्व निर्धारण धनराशि पर छूट का प्रावधान किया गया है। जो उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान नहीं कर सकते, उनके लिए मासिक किस्तों की सुविधा भी दी गई है।

# जमशेदपुर में SSB जवान ने डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी, पुलिस ने नोटिस देकर छोड़ा

**जमशेदपुर, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

सिदगोड़ा थाना की पुलिस को लोगों ने एसएसबी जवान अखिलेश गिरि को डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पकड़ कर सौंपा था। साथ ही जवान और उसकी पत्नी के विरुद्ध सिदगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने जवान को नोटिस देने के बाद थाना से छोड़ दिया। जवान बारीडीह के विजया गार्डेन का निवासी है। सिदगोड़ा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जवान को उसके विरुद्ध दर्ज मामले में नोटिस दी गई है। नोटिस का जवाब का इंतजार है। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई होगी। इधर,




जवान और उसकी पत्नी पर आरोप है कि अपने दोस्तों ये कहकर जाल में फंसाया कि एक लाख रुपये दो। हर माह दस हजार रुपये पाओ जिसने रुपये दिए। उसे कुछ माह तक रुपये दिया गया। इसके बाद अचानक से रुपये देना बंद कर दिया गया। संतोष कुमार का आरोप है कि उसने 30 लाख रुपये दिए थे जब वह अपने रुपये मांगने गया तो पता चला कि जवान और उसकी पत्नी कहीं जाने वाले है। शैलेश नामक व्यक्ति ने जवान को पकड़कर सिदगोड़ा थाना की पुलिस को सौंप दिया। थाना में धोखाधड़ी के शिकार लोगों का बयान भी लिया गया जिसमें बताया कि जवान के कई बैंक खाते है।जवान लोगों को घर पर बुलाता था और यह कहता कि आपके रुपये एक कंपनी में निवेश किया जा रहा है। जवान के घर पर कई लग्जरी कार और बाइक खड़ी रहती थी जिसको देख लोग उस पर विश्वास कर लेते थे।

# शिवसेना हिंदुस्तान दिसंबर महीने में निकालेंगे त्रिशूल मार्च आंतकवाद पीड़ित हिंदुओं को इंसाफ दिलाने को लेकर होगा आयोजन



**जालंधर, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

शिवसेना हिंदुस्तान के प्रमुख पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद पीड़ित हिंदुओं को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर दिसंबर माह में राज्य भर में त्रिशूल मार्च निकाले जाएंगे। इस संबंध में शनिवार को पंजाब प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पवन गुप्ता ने कहा कि पंजाब के 35 हजार आतंकवाद पीड़ित हिंदुओं को ना तो अभी तक मुआवजा जारी किया गया है तथा ना ही उन्हें किसी अन्य तरह की सहायता ही दी गई है। जिसके चलते समूह हिंदुओं में भारी रोष है।

इस दौरान उन्होंने पंजाब में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि राज्य में गैंगस्टरों तथा नशों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। जिससे पंजाब के लोग भय में हैं।हिंदू मंदिर एक्ट बनाने की मांग करते हुए पवन गुप्ता ने कहा कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मोहाली से राज्य स्तरीय त्रिशूल मार्च निकाला जाएगा। जो विभिन्न इलाकों से होते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान के निवास स्थान पर संपन्न होगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर पार्टी के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## सप्लाई में चूक के कारण कोल्ड्रिफ सिरप में मिल गया जहरीला केमीकल, यही बना 24 बच्चों की मौत का कारण

**छिंदवाड़ा 23 नवंबर।** मध्य प्रदेश में विषाक्त कफ सीरप से 24 बच्चों की मौत के मामले में एसआईटी ने शनिवार को भी आरोपित पांड्या केमिकल कंपनी के मालिक शैलेष पांड्या से पूछताछ की, इसमें अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ में पता चला कि कोल्ड्रिफ कफ सीरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स तमिलनाडु ने पांड्या केमिकल को 50 किग्रा डाय-एथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) का ऑर्डर किया था। कंपनी 215 किग्रा के फार्मा ग्रेड के पैक में डीईजी की सप्लाई करती है। जल्दबाजी में उसने इंडस्ट्रियल ग्रेड का लूज माल सप्लाई कर दिया। इसके कारण ही कोल्ड्रिफ कफ सीरप में 48.6 प्रतिशत डाय-एथिलीन ग्लाइकाल नामक विषैला रसायन मौजूद था, जो कि महज 0.48 प्रतिशत ही होना चाहिए था।

# भगवान शिव की स्थली शिवहर में भी मनेगा माता सीता और प्रभु श्रीराम के विवाहोत्सव का उत्सव



**शिवहर, 23 नवंबर [एजेंसी]।**

भगवान शिव और हरि की मिलन की स्थली स्थली शिवहर में भी माता सीता और प्रभु श्रीराम के विवाहोत्सव का उत्सव मनेगा। इस अवसर पर शहर से लेकर गांव तक कई भव्य आयोजन होंगे।कहीं शोभा यात्रा निकाली जाएगी तो कहीं भव्य महावीरी झंडोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर बाबा भुवनेश्वरनाथ महाइेव मंदिर देकुली धाम में पूजन, अर्चन व दर्शन को श्रद्धालु उमड़ेंगे। साथ ही भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा। जिले में भगवान श्रीराम माता जानकी के विवाहोत्सव की याद में प्रति वर्ष मनाए जाने वाले विवाह पंचमी की तैयारियां जारी है। 25 नवंबर को होने वाले विवाह पंचमी को लेकर विभिन्न राम-जानकी मंदिरों व जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग तैयारियां जारी है।

विवाह पंचमी के अवसर पर शहर के श्री राम जानकी मठ व हनुमान मंदिर में आयोजन की तैयारी जारी है। शहर में बारात शोभा यात्रा से लेकर राम जानकी मंदिरों में विवाहोत्सव की भी तैयारी जारी है।बाबा भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर देकुली धाम में जलाभिषेक को श्रद्धालु उमड़ेंगे। इस अवसर पर यहां मेले का आयोजन किया जाएगा। विवाह पंचमी को लेकर देकुली धाम प्रबंधन समिति द्वारा तैयारियां जारी है।इधर, विवाह पंचमी पर विभिन्न गांवों में महावीरी झंडोत्सव सह मेले का भी आयोजन होगा। राजलक्ष्मी ग्रुप सेवा संस्थान के निदेशक सह राज दरबार के देवव्रत नंदन सिंह उर्फ सोनू बाबू ने बताया कि उनकी ओर से वर्षों से जारी परंपरा के तहत विवाह पंचमी पर चुंगला पोखर स्थित ठाकुर मंदिर में तथा जीरोमाइल चौक शिवहर स्थित बुड्ढा हनुमान मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा।

# सर्दियों में कपड़े धोते समय न करें ये 5 गलतियां, हो सकती है परेशानी



सर्दियों में कपड़े धोना एक मुश्किल काम हो सकता है। ठंडे पानी में कपड़े धोने से लेकर उन्हें सुखाने तक, कई बार हम अनजाने में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। इन गलतियों से न केवल कपड़े जल्दी खराब होते हैं, बल्कि हमारी मेहनत भी बेकार हो जाती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको सर्दियों में कपड़े धोते समय बचना चाहिए ताकि आपके कपड़े साफ और ताजगी भरे रहें।

**ठंडे पानी का इस्तेमाल करना**

सर्दियों में कई लोग ठंडे पानी का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे बिजली की बचत होती है। हालांकि, ठंडा पानी कुछ दागों को ठीक से नहीं हटा पाता, खासकर अगर दाग पुराने हों। बेहतर होगा कि आप हल्के गर्म पानी का उपयोग करें क्योंकि यह दागों को आसानी से हटा सकता है और कपड़ों की गंदगी भी अच्छी तरह साफ कर सकता है।

**अधिक साबुन का इस्तेमाल करना**

अधिक साबुन का उपयोग करने से कपड़ों पर सफेद निशान पड़ सकते हैं और उनकी चमक भी कम हो सकती है। इसके अलावा इससे त्वचा पर खुजली या चकत्ते जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए हमेशा साबुन की मात्रा को सही रखें और उसे सही तरीके से उपयोग करें। अगर आप मशीन में कपड़े धोते हैं तो उसमें दिए गए साबुन के निर्देशों का पालन करें ताकि आपके कपड़े साफ भी रहें और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहे।

**अलग-अलग कपड़ों को एक साथ धोना**

सर्दियों में कपड़े धोते समय अक्सर हम अलग-अलग रंगों के कपड़े एक साथ डाल देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। इससे गहरे रंग के कपड़े हल्के रंग के कपड़ों पर रंग छोड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा हल्के और गहरे रंग के कपड़ों को अलग-अलग धोएं ताकि उनके रंग बरकरार रहें। इससे आपके कपड़े साफ भी रहेंगे और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहेगी। इसके अलावा अलग-अलग प्रकार के कपड़ों को भी अलग-अलग धोना चाहिए।

**सुखाने का तरीका गलत होना**

सर्दियों में कपड़े सुखाते समय हमें खास ध्यान रखना चाहिए कि वे पूरी तरह से सूख जाएं ताकि उनमें नमी न रहे और वे जल्दी खराब न हों। कभी-कभी लोग कपड़ों को अधूरा ही सुखा देते हैं, जिससे उनमें बदबू आने लगती है या वे जल्दी खराब हो जाते हैं। इसलिए हमेशा सुनिश्चित करें कि कपड़े पूरी तरह से सूखे हों और उनमें कोई नमी न हो। इसके लिए धूप में सुखाना सबसे अच्छा तरीका है।

**मशीन का सही उपयोग न करना**

धुलाई मशीन का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है ताकि कपड़े अच्छे से धो सकें और उनकी उम्र लंबी हो सके। कभी-कभी लोग मशीन को जरूरत से ज्यादा भर देते हैं जिससे कपड़े ठीक से नहीं धुल पाते या फट जाते हैं। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप सर्दियों में भी अपने कपड़ों को साफ-सुथरा रख सकते हैं और उनकी उम्र बढ़ा सकते हैं। इन गलतियों को न करें और अपने कपड़ों का ख्याल रखें।



## रेड ड्रेस में हर्षाली मल्होत्रा का स्टाइलिश लुक वायरल

बॉलीवुड फिल्म बजरंगी भाईजान से फेम पाने वालीं चाइल्ड आर्टिस्ट हर्षाली मल्होत्रा अब बच्ची नहीं रहीं. हर्षाली पहले से काफी बदल चुकी हैं। बजरंगी भाईजान में सलमान खान के साथ-साथ हर्षाली की एक्टिंग को भी काफी सराहा गया था.अगर आपने सलमान फिल्म बजरंगी भाईजान देखी है तो आप मासूम चेहरे हर्षाली मल्होत्रा से जरूर परिचित होंगे. बजरंगी भाईजान फिल्म इसी एक किरदार के इर्दगिर्द घूमी है, जिसमें सलमान खान ने अपनी एक्टिंग के चार चाँद से सजाया था.हर्षाली मल्होत्रा ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी खुबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने जो तस्वीरें शेयर की है, जिसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने लाल ड्रेस में जबरदस्त पोज दिए हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है साटन की तरह मुलायम, आग की तरह मजबूत। हर्षाली की तस्वीरों उनके फैंस लाइक कर रहे हैं और प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है इसे कहते हैं लाल परी। एक दूसरे यूजर ने लिखा कमल की तरह खूबसुरत। हर्षाली सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उन्हें 1.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.इंस्टाग्राम पर हर्षाली फोटोज और वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं.उनके पोस्ट पर फैंस काफी लाइक करते हैं और कमेंट कर उनकी तारीफ़ करते नहीं थकते.



## मैं दुलकर सलमान को थप्पड़ मारना नहीं चाहती थी, भाग्यश्री बोरसे ने बताई पूरी बात

दुलकर सलमान की पीरियड ड्रामा फिल्म कांथा को दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इसे तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में 14 नवंबर को रिलीज किया गया। इस फिल्म में तमाम कलाकारों के बीच अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने अपने किरदार कुमारी के जरिए समीक्षकों की भी तारीफ हासिल की। भाग्यश्री बोरसे ने बताया कि उनके लिए कुमारी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था। फिल्म में एक सीन ऐसा था जिसमें उन्हें अपने को-स्टार दुलकर सलमान को थप्पड़ मारना था। भाग्यश्री ने कहा, मैं इस सीन को करने के लिए तैयार नहीं थीं। मुझे अंदर से डर लग रहा था। मैं चाहती थीं कि यह नकली लगे, क्योंकि मैंने कभी किसी को मजाक में भी नहीं मारा। ऐसे में मैं सोच रही थी कि मैं ये सीन कैसे कर पाऊंगी। वहीं दुलकर चाहते थे कि उनके चेहरे पर असली भाव आए और इसी वजह से मैंने इस सीन को आखिर में करने का फैसला लिया। भाग्यश्री ने कहा, यह सीन करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था, लेकिन दुलकर सलमान के कारण यह चुनौती मैंने स्वीकार की और इस सीन को पूरा किया। यह सीन फिल्म में प्रभावशाली लग रहा है। फिल्म कांथा का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज ने किया है और यह 1950 के दशक के मद्रास की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह एक अभिनेता और एक निर्देशक के बीच के तनावपूर्ण रिश्ते को दिखाती है। फिल्म की कहानी को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहले हाफ में किरदारों के बीच के टकराव को दिखाया जाता है, जबकि दूसरा हाफ एक मर्डर मिस्ट्री है जो दर्शकों को सस्पेंस में रखती है। फिल्म में दुलकर सलमान, समुथिरकानी, भाग्यश्री बोरसे और राणा दग्गुबाती प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राणा दग्गुबाती ने एक जांचकर्ता का किरदार निभाया है और समुथिराकानी ने भी एक अहम सपोर्टिंग रोल किया है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 4.35 करोड़ रुपए के साथ शानदार शुरुआत की और इसका राज बॉक्स ऑफिस पर जारी है।

# तेजी से वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं ये 5 प्राकृतिक खाद्य पदार्थ



वजन बढ़ाने के लिए सही आहार का चयन करना बहुत जरूरी है। कई लोग वजन बढ़ाने के लिए फास्ट फूड का सहारा लेते हैं, लेकिन यह तरीका सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जो वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और सेहत के लिए भी फायदेमंद हैं। इन खाद्य पदार्थों का सेवन कैसे किया जाए, इस पर भी चर्चा करेंगे।

**केले का सेवन करें**

केला एक ऐसा फल है, जिसमें ज्यादा मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और पोटेशियम होता है। यह न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि शरीर में ऊर्जा के भंडार को भी बढ़ाता है। केले में प्राकृतिक मिठास होती है, जो तुरंत ऊर्जा देती है और वजन बढ़ाने में मदद करती है। रोजाना एक या दो केले खाने से आप अपने आहार में अतिरिक्त कैलोरी जोड़ सकते हैं, जिससे वजन बढ़ाना आसान हो जाता है।

**सूखे मेवे खाएं**

सूखे मेवे जैसे बादाम, अखरोट, किशमिश आदि में ज्यादा मात्रा में कैलोरी और फायदेमंद चर्बी होती है। इनका सेवन रोजाना करने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और वजन बढ़ाने में मदद मिलती है। सूखे मेवे हल्के नाश्ते के रूप में भी खाए जा सकते हैं, जिससे आप अपने मुख्य भोजन के बीच में भी कुछ पौष्टिक खा सकते हैं। इसके अलावा यह दिमाग के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

**आलू खाएं**

आलू में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा होती है, जो वजन बढ़ाने में सहायक होती है। आलू को उबालकर या भूनकर खाया जा सकता है, जिससे यह आसानी से पच जाता है और शरीर को ऊर्जा मिलती है। इसके अलावा आलू में विटामिन-सी और फाइबर भी होते हैं, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं। आलू को अलग-अलग तरीकों से पकाकर खाया जा सकता है जैसे कि मैश्ड आलू, तले हुए आलू आदि।


**एवोकाडो खाएं**

एवोकाडो एक खास फल है, जिसमें लाभकारी चर्बी होती है, जो शरीर के लिए फायदेमंद होती है। इसका सेवन करने से न केवल वजन बढ़ता है, बल्कि दिल की बीमारियों से भी बचाव होता है। एवोकाडो में विटामिन-ई और फाइबर भी होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखते हैं। इसे सलाद या स्मूदी में मिलाकर खाया जा सकता है। इसके अलावा इसे ब्रेड पर लगाकर भी खाया जा सकता, जिससे यह रोजमर्रा के आहार में शामिल किया जा सके।

**दूध और छाछ पिएं**

दूध और छाछ दोनों ही प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ-साथ वजन बढ़ाने में भी मदद करते हैं। इनका नियमित सेवन करने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे आप स्वस्थ तरीके से वजन बढ़ा सकते हैं। इन प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का सेवन करके आप बिना किसी दुष्प्रभाव के अपने वजन को बढ़ा सकते हैं और अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रख सकते हैं।

## दबंग 4 से चुलबुल पांडे की होगी वापसी, सलमान खान की फिल्म पर आई ये जानकारी



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इस बीच उनकी दबंग फ्रैंचाइजी की अगली किस्त पर जानकारी सामने आई है, जिसे जानने के बाद लोगों की उत्सकुता बढ़ना लाजिमी है। दरअसल, फिल्ममेकर अरबाज खान ने दबंग 4 की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। उन्होंने आश्वत किया है कि फ्रैंचाइजी अभी खत्म नहीं हुई है। दबंग 4 पर काम चल रहा है। अरबाज ने कहा, यह पाइपलाइन में है, लेकिन मुझे समय-सीमा नहीं पता। उन्होंने कहा कि अगली किस्त के बारे में सवाल अंतहीन हैं। अरबाज ने आगे कहा, तो यह मेरा जवाब है जो एक बहुत ही स्पष्ट जवाब है क्योंकि हर किसी का स्पष्ट सवाल यही होता है कि दबंग 4 कब आएगी? तो यही मेरा जवाब है। हम इस पर काम कर रहे हैं और कोई जल्दीबाजी नहीं है। अरबाज ने अपनी बात दोहराते हुए कहा, फिल्म सही समय पर बनेगी। लेकिन यह एक ऐसी चीज है जिस पर सलमान और हम चर्चा करेंगे और करेंगे। यह जरूर बनेगी। मुझे नहीं पता कब, लेकिन जब भी बनेगी, यह एक ऐसी चीज होगी जिसका बेसब्री से इंतजार रहेगा। बता दें कि सलमान अभिनीत फिल्म दबंग की 3 किस्तें आ चुकी हैं। पहली किस्त 2010 में रिलीज हुई थी, जबकि दूसरी और तीसरी किस्त 2012 और 2019 में रिलीज हुई थी।



## *डीप-नेक ब्लैक ड्रेस में रकुल ने काटा बवाल, समुंदर किनारे दिए कातिलाना पोज*

अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ-साथ अपने फैशन सेंस के लिए भी जानी जाने वाली रकुल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर आते ही बवाल काट रही हैं।

# डेली वियर के लिए परफेक्ट है सिंगल कड़ों के लेटेस्ट डिजाइन! हर मौके पर दिखें स्टाइलिश



महिलाएं फैशन के मामले में खूबसूरती बढ़ाने के लिए नए-नए प्रयास करती रहती हैं। कुछ महिलाएं अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए डेली वियर में खूबसूरत बैंगलस को जरुर शामिल करती हैं। कुछ लोगों को बैंगल्स पहनने का काफी शौक होता है, तो यह लेख उनके लिए सबसे बेस्ट है। इस लेख में हम आपको ट्रेंडी और लेटेस्ट सिंगल कड़े डिजाइंस बताएंगे, जिन्हें आप रोज पहनकर हाथों की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं।

**मल्टीकलर पोनीटेल स्टाइल कड़ा**

यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि हर महिला चाहती है कि उसका डेली वियर लुक स्टाइलिश और थोड़ा अलग नजर आए। अगर आप भी रोजमर्रा में पहनने के लिए कड़े डिज़ाइनों की तलाश कर रही हैं, तो अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप इस तरह के आकर्षक मल्टीकलर पोनीटेल स्टाइल कड़े को आजमा सकती हैं। ऐसे सिंगल कड़ा डिजाइन रोजाना पहनने के लिए बेहद शानदार विकल्प साबित होते हैं।

**रुबी डायमंड सिंगल कड़ा**

महिलाएं हाथों की खूबसूरती बढ़ाना चाहती हैं तो डेली वियर पहनने के लिए रूबी डायमंड सिंगल कड़ा ट्राई कर सकती है। आजकल इन डिजाइंस का काफी चलन हैं। यह रोजाना पहनने के लिए भी काफी अच्छे हैं। इसको आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगह से ही खरीद सकते हैं।

**मल्टीकलर सिल्क थ्रेड वर्क कड़ा**

आजकल मल्टीकलर सिल्क थ्रेड वर्क कड़ा डिजाइंस काफी ट्रेंड में है। इसे आप रोजाना भी पहन सकती है। इस डिजाइन के कड़े लड़कियां भी काफी पहन रही है। इन कड़े को आप रोजाना भी पहन सकते हैं। यह कड़ा आपके हाथों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे।

**कुंदन डिजाइन कंगन**

यदि आप कुछ हटके पहनना चाहती है, तो आप डेली के लिए कुंदन डिजाइन बैंगल्स पहन सकते हैं। आप कुंदन जड़ाऊ कंगन डिजाइन एक वियर कर सकते हैं। इस तरह कड़े को पहनकर आप अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। यह आपके लुक को अट्रैक्टिव और स्टाइलिश बना सकती हैं।



## बिना लायसेंस के ट्रेक्टर चलाने वाले चालक के विरूद्ध कार्यवाही

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है जिसके परिपालन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रतापपुर पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के एक ट्रेक्टर को लहराकर चलाते देख वाहन को रोकवाया। बिना नंबर के ट्रेक्टर जिसका नंबर सीजी 29 एई 8346 है उसके चालक अनिश पैंकरा उम्र 22 वर्ष निवासी करंजवार थाना प्रतापपुर से ड्राईविंग लायसेंस की मांग करने पर लायसेंस नहीं होना बताया जो परमिट शर्तो का उल्लघन करने पर एमव्ही एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही कर 8 हजार रूपये का समन शुल्क लिया है।

# संभागायुक्त की चेतावनी, मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही की तो कड़ा एक्शन

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

**कोरिया बैकुंठपुर।** सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि एसआईआर में चूक होने पर संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए श्री दुग्गा ने एसआईआर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ को



चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी निर्धारित समय में व्यवस्थित रूप से पूरी करनी होगी, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर बैठकें आयोजित की जाएं और उन्हें आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एसआईआर गणना पत्रक वितरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ आशीष कुमार साहू (भाग संख्या 102 डबरीपारा), संतोषी सिंह (भाग संख्या 100 अहमर), मतदान केंद्र 211 चकडांड के बीएलओ प्रिंसदीप सिंह तथा मतदान केंद्र 155 उज्ञाव के बीएलओ विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र वितरण में तेजी लाने और प्रत्येक पात्र मतदाता को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि बीएलओ द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं और एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग दें।

## बीएलओ ने वार्डों में घर-घर पहुंचकर गणना पत्रक किए एकत्रित

**एमसीबी।** विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मनेंद्रगढ़ नगर क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक एकत्र करने का कार्य तेजी से जारी है। वार्ड क्रमांक 11 में बीएलओ शारदा ताम्रकार ने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चंदा यादव और अनीता यादव के गणना पत्रक प्राप्त किए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 19 में बीएलओ शांति को ने मौके पर पहुंचकर राजकुमारी साहू और सुरेश साहू के गणना पत्रक वापस लिए। वार्ड क्रमांक 20 के बूथ क्रमांक 02 में भी बीएलओ दीपू रजक ने सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए, सपन सरकार और बेनिभूषण सरकार के साथ ही बिना बघेल पति विनोद बघेल के गणना पत्रक एकत्र किए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ क्षेत्र में सक्रिय हैं और मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए लगातार घर-घर सर्वे कर रहे हैं। अभियान के दौरान संबंधित बीएलओ नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें , किसी भी अनजान व्यक्ति को ह्रञ्जक्क या व्यक्तिगत जानकारी न देने और सभी प्रक्रियाओं के लिए केवल आधिकारिक चैनलों का उपयोग करने की अपील भी कर रहे हैं। नगर क्षेत्र में चल रही यह गतिविधि मतदाता सूची को अधिक सुव्यवस्थित और सटीक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे आगामी चुनाव में सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके।

## कृषि स्थाई समिति बैकुंठपुर की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, कई अहम फैसलों पर लगी मुहर



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कोरिया की कृषि स्थाई समिति बैकुंठपुर की 22 नवम्बर 25 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बंदना सिंह श्याम बैकुंठपुर के निर्देशन में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक कृषि स्थाई समिति के सभापति राजू साहू उपस्थित रहे , बैठक में समस्त प्रस्तावों व निर्णयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा भविष्य की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। सभा की शुरुआत समिति अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने समिति द्वारा संचालित गतिविधियों, किसानों से जुड़ी समस्याओं तथा आगामी खेती वर्ष की जरूरतों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर सामग्री, संसाधन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है ताकि उत्पादन में वृद्धि हो और किसानों का आर्थिक स्तर मजबूत हो। बैठक में कृषक समिति सचिव श्रीमती वंदना सिंह श्याम ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की। इसके बाद समिति सदस्यों द्वारा बारी-बारी से प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में कुल पाँच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख रूप से आगामी वर्ष की योजना, बीते वर्ष की कार्रवाई, वित्तीय व्यवस्थापन और संस्था के संचालन संबंधी विषय शामिल थे। पहला बिंदु समिति की कार्य योजना संबंधित मामलों की समीक्षा था। दूसरा बिंदु स्वीकृत वर्ष 2025-26 की कृषि समिति से संबंधित मामलों का अनुमोदन था। समिति ने निर्णय लिया कि कमजोर समितियों को आवश्यक संसाधन एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे बेहतर ढंग से अपने कार्यों को संचालित कर सकें। तीसरा बिंदु फिला स्कीम तथा अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा का था। समिति ने बताया कि योजनाओं के तहत किसानों को मिलने वाली सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। समिति ने निर्णय लिया कि आगामी खरीफ और रबी सीजन में बीज, खाद और कृषि सामग्री का सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। चौथा बिंदु वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करना था। इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए सदस्यों ने खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और कृषि मेले आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। पाँचवाँ बिंदु अध्यक्ष महोदय को समिति की ओर से अधिकार प्रदान करने से संबंधित था। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अध्यक्ष को संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों एवं पत्राचार के लिए अधिकृत किया जाए ताकि कार्यों में गति बनी रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष राजू साहू, जनपद सदस्य जगमनी टोप्पो, हेमपुष्पा पोते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की एस परस्ते ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि समिति किसानों के हित में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

## भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जनसम्पर्क कर मतदाताओं का सहयोग करें :अमित

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा (एसआईआर) बूथ प्रभारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़, बैकुण्ठपुर में 22 नवम्बर 2025 को भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू के मुख्य अतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू के प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व फूल-मलाओं से भव्य स्वागत किया।




इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, शारदा गुप्ता, सुनिता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, कृष्णावती यादव, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह,जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, मनोज गुप्ता, योगेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहें।

प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, निर्वाचन आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्य किया जा रहा है इसी क्रम छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, सभी मतदाओं को गणन पत्रक भरना अवश्यक है और नए नाम जोड़वाने व कटवाने के लिए भी फार्म भरना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि, मतदान केन्द्र स्तर पर घर-घर जनसम्पर्क कर मतदाताओं को सहयोग करें।

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एस.आई.आर.) कार्य किया जा रहा है, मतदान केन्द्र स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगा, मतदाता सूची से मृतकों एवं नए मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम जोड़वाने एवं वोटर लिस्ट को नए रूप में संधारित कराने में सहयोगी बने।

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, एसआईआर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जनसम्पर्क कर सभी मतदाताओं का गणना पत्रक भरने में सहयोग करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, राजाराम राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, महामंत्री सचिदानंद द्विवेदी, मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, सुशीला साहू, राकेश पैकरा, दिनेश सुरेश सिरदार, मुन्ना चक्रधारी, रिता यादव, पुष्पलता राजवाड़े, सुरेन्द्र चक्रधारी, सुभाष जायसवाल, धीरेन्द्र साहू, सुखदेव राजवाड़े, ममता कुशवाहा, सोनालाल राजवाड़े, राजेश साहू, रमावती राजवाड़े, मीरा सोनी, प्रियंका सिंह,साक्षी राजपूत, संगीता यादव, सतेन्द्र राजवाड़े, हर्षल गुप्ता, अन्नू दुबे, प्रखर गुप्ता, भरत यादव, गोरेलाल यादव, शाहिद असरफी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## निर्वाचन आयोग ने जारी की महत्वपूर्ण चेतावनी

**एमसीबी।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सेवा के लिए मतदाताओं से कभी भी OTP (वन टाइम पासवर्ड) नहीं मांगा जाता है। आयोग ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा फोन कॉल, मैसेज या किसी अन्य माध्यम से OTP या निजी जानकारी मांगी जाती है, तो यह निश्चित रूप से धोखाधड़ी का प्रयास हो सकता है और मतदाताओं को तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। आयोग ने जोर देकर कहा है कि मतदाता अपनी व्यक्तिगत जानकारी, विशेषकर OTP, बैंक विवरण, आधार संख्या, मोबाइल नंबर से जुड़ी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा न करें। SIR प्रक्रिया की सभी वैध और अधिकृत सेवाएँ केवल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के अधिकृत पोर्टल और आधिकारिक माध्यमों के माध्यम से ही उपलब्ध हैं। मतदाताओं से अपील करते हुए कहा गया है कि वे अपनी जानकारी सुरक्षित रखें, किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें, और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

## डीएलसीसी और डीएलआरसी की तिमाही बैठक हुई सम्पन्न




**एमसीबी।** जिले में विकासोन्मुख वित्तीय गतिविधियों को तेज़ गति देने और बैंकों तथा सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से डीएलसीसी/डीएलआरसी की तिमाही बैठक जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, आरबीआई एलडीओ अविनाश टोप्पो, जीएम डीटीआईसी कश्यप, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, सरकारी प्रायोजित एजेंसियों के प्रतिनिधि और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत एलडीएम संजीव पाटिल द्वारा सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए की गई, जिसके बाद वित्तीय समावेशन और जिला स्तरीय विकास योजनाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीडी अनुपात की स्थिति, प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण प्रवाह की उपलब्धि, वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के लक्ष्य और प्रगति, सरकारी प्रायोजित योजनाओं के लंबित प्रकरण, निष्क्रिय खातों की संख्या, डीईएएफ यानी अवमूल्यित एवं निष्क्रिय जमा खातों की स्थिति और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बैठक में बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी प्रायोजित योजनाओं के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें ताकि जिले के अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिन बैंकों का सीडी अनुपात 40% से कम है वे तत्काल प्रभाव से सुधार की दिशा में कदम उठाएं और जिले में कृषि, लघु उद्योग, स्व-सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के लिए ऋण वितरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय गतिविधियों की मंद गति जिले के विकास में बाधा बन सकती है, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बैठक के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि बैंक शाखाएं ग्राम स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम बढ़ाएं, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की दिशा में अभियान चलाएं और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर वित्तीय समावेशन को मजबूत करें। बैठक के अंत में एसबीआई मनेंद्रगढ़ के चीफ मैनेजर उदय सिंह लोधी ने सभी अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और एजेंसियों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी तिमाही में और बेहतर उपलब्धियों का भरोसा दिलाया। जिले की यह तिमाही समीक्षा बैठक समन्वय, पारदर्शिता और लक्ष्य आधारित कार्यशैली को मजबूत बनाते हुए वित्तीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## गोधाम समिति की बैठक सम्पन्न, निराश्रित गौवंश संरक्षण हेतु सरकार लाई व्यापक कार्ययोजना

**एमसीबी।** जिला स्तरीय गोधाम समिति की बैठक आज अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह (कोरिया कॉलरी) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में गौवंश संरक्षण, प्रबंधन तथा सरकार द्वारा प्रस्तावित नई गोधाम कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अशासकीय सदस्य राकेश भानु (मोहन कॉलोनी, हल्दीबाड़ी), राजेन्द्र यादव (लामडाही), मुकेश चंद भानु (मोहन कॉलोनी) और श्री चिकास विश्वकर्मा (खोगापानी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदेन सदस्यों में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, तथा बैठक का संचालन एवं प्रतिवेदन उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ द्वारा सदस्य सचिव के रूप में किया गया। बैठक में जिले में



संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रगति एवं भविष्य की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। सदस्यों और अधिकारियों ने बताया कि निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश की समस्या ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में बढ़ रही है, जिसके समाधान के लिए नई संरचनागत व्यवस्था आवश्यक है। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्यभर में बड़े पैमाने पर 'गौधाम' स्थापित करने के निर्णय पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। राज्य की भौगोलिक स्थिति-सात राज्यों की सीमाओं से घिरा होना तथा 11 राष्ट्रीय राजमार्गों का गुजरना-पशु तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई के कारण बड़ी संख्या में गौवंश जप्त होने की स्थिति निर्मित करता है। पंजीकृत गौशालाओं की क्षमता लगभग पूर्ण होने के कारण अब गौधामों की स्थापना अत्यंत आवश्यक मानी जा रही है।

सरकार द्वारा प्रस्तावित गोधाम पंजीकृत गौशालाओं से अलग होंगे तथा इनमें केवल स्थानीय निकायों द्वारा चिन्हांकित निराश्रित पशु एवं गृह विभाग द्वारा जप्त किए गए गौवंश को रखा जाएगा। प्रथम चरण में इन्हें प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित किया जाएगा। प्रत्येक गोधाम की क्षमता अधिकतम 200 पशु निर्धारित की गई है और भूमि चयन में सुरक्षित बाड़ा, शेड, पानी एवं बिजली जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। गौधामों का संचालन पंजीकृत गौशाला समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, ट्रस्ट, एनजीओ, किसान उत्पादक कंपनियों और सहकारी समितियों को सौंपा जाएगा। यदि कोई निकटस्थ समिति तैयार नहीं होती तो 'रुचि की अभिव्यक्ति' (श्वश्वढ्ढ) आमंत्रित की जाएगी। चयनित संस्था को पशुओं के दाना-पानी, टीकाकरण, उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार, चारागाह विकास, लेखा-संधारण सहित समग्र देखभाल की जिम्मेदारी निभानी होगी। गौधामों में गोबर व गोमूत्र आधारित जैविक खाद, कीट नियंत्रक, गौकाष्ठ, दंतमंजन, दीया-अगरबत्ती जैसे उत्पादों के निर्माण की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे ग्रामीण रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से तीन रेत खदानों का पारदर्शी रूप से किया गया आबंटन

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ शासन की नई रेत नीति छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से तीन रेत खदानों का ऑनलाइन आबंटन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कलेक्टर के मार्गदर्शन में एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से क्रमश: 13 नवंबर, 14 नवंबर एवं 20 नवंबर 2025 को डांडहसवाही, मुर्किल और नेउर रेत खदानों की निविदाएं खोली गईं। खनिज अधिकारी दयानन्द तिग्गा ने बताया कि निविदा प्रक्रिया में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए- डांडहसवाही रेत खदान (तहसील केल्हारी, रकबा 4.99 हेक्टेयर) - 408 आवेदन, मुर्किल रेत खदान (तहसील कोटाडोल, रकबा 5.00 हेक्टेयर) - 56 आवेदन, नेउर रेत खदान (तहसील कोटाडोल, रकबा 2.50 हेक्टेयर) - 81 आवेदन ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से-डांडहसवाही रेत खदान के लिए चैतन्य साहू, मुर्किल रेत खदान के लिए नयन छत्तानी, नेउर रेत खदान के लिए सुनील कुमार गुप्ता को अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया। विभाग ने बताया कि ई-नीलामी के माध्यम से कुल 54,50,000 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में प्राप्त हुए हैं, जिससे शासन को महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त हुआ है। सफल बोलीदारों को निर्देशित किया गया है कि वे 15 दिवस के भीतर प्रति हेक्टेयर 1,00,000 रुपये की राशि जमा करें, जिसके उपरांत उत्खनन योजना तैयार कर आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की जाएंगी। स्वीकृतियों के बाद निर्धारित नियमों के अनुरूप खदान संचालन प्रारंभ किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेत खदानों का यह संपूर्ण आबंटन कार्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूर्णत: पारदर्शी तरीके से किया गया है, जो शासन की नई रेत नीति के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कैसे मिलेगी सफलता, छात्रों को मार्गदर्शन मिला कार्यक्रम में





**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र के हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में मोटिवेशनल इवेंट कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि रवि कुर्रे पुलिस अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि बी.एन. झा मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र ,संजय कुमार सिंह क्षेत्र प्रबंधक चर्चा माइन आर .ओ, डॉक्टर अशोक बिराजी मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिरमिरी क्षेत्र, अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा थे। अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में सजे आकर्षक रंगोली एवंविभिन्न मॉडलों का भी निरीक्षण किया।

आयोजन के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषयक नाट्य, 'सुरक्षा ही जीवन है' संदेश आधारित नाटिका आदि की शानदार प्रस्तुति दी। रवि कुर्रे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विषय में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि आप उसे कितनी बारीकी से समझते हैं और उस पर कितना कमांड रखते हैं।उन्होंने कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए बल्कि निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, दुनिया के महान आविष्कारक भी सैकड़ों बार असफल हुए, पर निराश नहीं हुए। इसी निरंतरता ने उन्हें सफलता तक पहुँचाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए निराश न हों। विशिष्ट अतिथि बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महा प्रबंधक, बी.एन. झा ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, मानवता और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर केंद्रित प्रेरक संदेश दिए। उन्होंने कहा—खुद पर संदेह मत करो। हमेशा हर दिन खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समय अत्यंत मूल्यवान है इसे व्यर्थ न जाने दे। मानवता को हमेशा सबसे ऊपर रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि नई पीढ़ी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकी के दौर में पली बढ़ी है भारत शिक्षा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब समय आ गया है कि क्षेत्र के साथ ही छत्तीसगढ़ भी विश्व पटेल पर अपनी पहचान मजबूत करें और इस प्रगति का गौरवपूर्ण हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और पुरस्कार वितरित किए गए। यह क्षण बच्चों के लिए प्रोत्साहन और गौरव से भर देने वाला रहा। आयोजन ने न केवल शिक्षा के महत्व को समझाया, बल्कि जीवन-मूल्यों और मानवता को भी प्राथमिकता देने का संदेश मिला जिससे विद्यार्थियों को सफलता की ओर एक नई दिशा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय के शिक्षक मिंटू द्विवेदी, राजाराम भगत,जयदेव पांडे, संजय कुमार, हीरा विश्वकर्मा, श्रीमती शिल्पी सरकार, रूपा विश्वकर्मा मंजू केवट ,मेघा तिवारी, खुशबू यादव ,श्रीमती निशा राय निशांत आरा ,कौशर, पूजा नाहक सहित समस्त स्टाफ विशेष रूप से सक्रिय रहे कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन राजाराम देवांगन व श्रीमती मंजू केवट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारी और मीडियाकर्मी भी उपस्थित थे।

# जिंदगी पर भारी पड़ा चाय बनाने का आदेश

## सास ने तहसीलदार को दिया बयान, पीएम रिपोर्ट की प्रतीक्षा

**कोरबा।** परिवार में होने वाला संवाद और उसके अर्थ के बड़े मायने हो सकते हैं और इस वजह से किसी की जान भी जा सकती है। मधु सूर्यवंशी की मौत के पीछे कुछ ऐसी ही वजह रही। संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। वास्तविक कर्म के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा करने की बात कर रही है।

कोतवाली के अंतर्गत मानिकपुर पुलिस चौकी के अमरैयापारा झा गली में 22 वर्षीय मधु सूर्यवंशी की मौत असामान्य हालत में हुई । 22 वर्ष की मधु नव विवाहित थी। मानिकपुर पुलिस ने इस घटनाक्रम को लेकर ससुर राजू पूछ ले की सूचना पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा में मर्ग कायम किया और पंचनामा के बाद अगली प्रक्रिया की। प्रावधानों के अंतर्गत ऐसे प्रकरण में एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के



द्वारा संबंधित प्रक्रियाएं पूरी की जाती हैं। कविता सिद्धा एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के द्वारा मौके पर पहुंचकर यहां की स्थिति का जायजा लिया गया। मानिकपुर पुलिस की टीम यहां पर मौजूद रही और आसपास के लोग भी। यहां पर देखा गया कि घर के कमरे में मधु पति अरुण का शव फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में यहां का नजरी नक्शा भी तैयार किया ताकि इस अगली प्रक्रिया में प्रस्तुत किया जा सके। इस घटना को लेकर कार्यपालिक दंडाधिकारी के द्वारा मृतका के स्थानीय परिजनों से पूछताछ की गई। जानकारी मिली कि इस दौरान इस तरह की बात सामने आएगी घटना से एक दिन पहले मधु से चाय बनाने के लिए सास ने कहा था। कहा सुनी हो गई थी। दावा किया जा रहा है कि मधु ने उसे दौरान चाहे तो जरूर बनाई लेकिन सास को नहीं दिया। बाद में क्या कुछ हुआ इसका पता नहीं चला लेकिन इसे लेकर टेंशन बना हुआ था। अगले 24 घंटे बाद मधु की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। कार्यपालिक दंडाधिकारी के द्वारा इस प्रकरण में सास और अन्य लोगों का बयान लिया गया। उन्होंने कोई और वजह इस मामले को लेकर नहीं बताई। मानिकपुर पुलिस ने मृतका का शो परीक्षण डॉक्टर के पैनल से कराया है। इसकी शॉर्ट पीएम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। इस रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा दी जाने वाली ओपिनियन के जरिए पुलिस वास्तविक कारण का विश्लेषण करेगी और आगे की कार्यवाही भी सुनिश्चित करेगी।



बंग समाज ने दी खास प्रस्तुति

## सुर, लय और ताल के साथ गाया वन्दे मातरम

**कोरबा।** भारतीयता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूती देने के इरादे से वंदे मातरम की जो रचना 150 वर्ष पहले बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी उसे कोरबा में सुर, लय और ताल के साथ खास अंदाज में प्रस्तुत कर बंग समाज के सदस्यों ने दर्शकों से प्रशंसा प्राप्त की। कोरबा बंग समाज के समस्त लोगों ने डीडीएम रोड हॉल में संध्या 7 बजे एक कार्यक्रम में इस रचना को खूबसूरत अंदाज में प्रेजेंट किया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिए कोरबा बंग समाज के सदस्यों द्वारा कई दिनों से वाद्य यंत्रों के साथ सुर से सुर मिलाकर अभ्यास जारी रखा। इसका फाइनल कार्यक्रम कोरबा बंग समाज ने किया। द राष्ट्रगीत को सम्मान देते हुए प्रसिद्ध तबला वादक एवं प्राध्यापक डॉ कुणाल दासगुप्ता एवं हारमोनियम में हैप्पी पाल ने संगत की। अतिन मंडल, अमित बैनर्जी, राजा मुखर्जी, उदय चैटर्जी, समित हालदार, प्रवीर कुमार दत्ता, मोनिका घोष, तुलसी मोइरा, रोमा मंडल द्वारा सुमधुर वंदे मातरम को सांगीतिक स्वरांजली दी गई। इस कार्यक्रम में कोरबा बंग समाज के सदस्यगण परिवार सहित उपस्थित रहें।

## डीएमएफ से कई कार्यों को आसानी

**कोरबा।** कोरबा जिला में जिला खनिज संस्थान न्यास आर्थिक रूप से काफी मजबूत है। जिले में खदानों की अधिकतम के साथ-साथ इससे मिलने वाली रॉयल्टी का एक हिस्सा डीएमएफ को सशक्त कर रहा है। मुख्य रूप से खनन क्षेत्र के आसपास के इलाके में जन आवश्यकता की पूर्ति करना इसका उद्देश्य है। इसके बावजूद परियोजना क्षेत्र के बाहर जाकर कराये जाने वाले कार्यों पर सवाल भी खड़े होते रहे है। बीते वर्षों में डीएमएफ को लेकर हुए कार्यों ने इसे विवाद और चर्चा में लाया।

# ट्रेन में चढ़ने की हड़बड़ी, आरपीएफ ने युवती को ट्रेक पर गिरने से बचाया

**कोरबा।** कोरबा रेलवे स्टेशन में चलती ट्रेन के पहिये के नीचे आने से बाल बाल एक युवती बच गई नही तो जान भी जा सकती थी घटना के बाद स्टेशन में हड़कप मच गया और टी टी और रेलवे पुलिस ने जमकर फटकार लगाते हुए यात्रियों को समझाइस देने लगी।

बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह 6 बज के 35मिंट में कोरबा से रायपुर जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन से रायपुर के लिए रवाना हो रही थी इस दौरान दो सगी बहन दौड़ते हुए आई और चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया बड़ी बहन तो चलती ट्रेन में चढ़ गए लेकिन छोटी बहन को रेलवे पुलिस वाले ने चढ़ने से मना किया जहां छोटी बहन को नीचे स्टेशन पर खड़ी देख बड़ी बहन चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करने लगी इस दौरान युवती चलती ट्रेन के पहिए के नीचे आने से बाल बाल बच गए। नहीं तो ट्रेन के पहिए के नीचे आ सकती थी।सभी की नजरे इस युवती पर थी मौके पर मौजूद लोगों ने और रेलवे पुलिस के अलावा टीटी ने युवती को जमकर फटकार लगाते हुए लोगों को



समझाइए देने लगी। एक परिवार और था जो 1 साल की मासूम बच्ची को लेकर उसकी मां चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी जिसे रेलवे पुलिस वालों ने रोका और परिवार को समझाइए की चलती ट्रेन में ना चले नहीं तो जान भी जा सकती है। ऐसे कई लोग थे जो ट्रेन छूटने के बाद स्टेशन पहुंच रहे थे और चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन रेलवे आरपीएफ पुलिस की नजर बने हुई थी और लोगों को रोका जा रहा था लेकिन उसके बावजूद भी कई लोग अपनी हरकतों से बात नहीं आए और चढ़ गए। युवती कोरबा के रहने वाले हैं और रायपुर जाने के लिए दोनों बहन स्टेशन आई हुई थी। कोरबा रेलवे आरपीएफ थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया रेलवे पुलिस के द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लोगों को समय-समय पर रेलवे संबंधित जानकारी भी दी जाती है वही लाउडस्पीकर के माध्यम से यात्रियों को सूचना दी जाती है की चलती ट्रेन में ना चढ़े वही सावधानी से यात्रा करें इसके अलावा समय से पहले स्टेशन पहुंचे इन सब बातों को यात्रियों समझाइए दी जाती है।

## भगवान श्रीराम के जीवन चरित को जानने की जिज्ञासा



**कोरबा।** कोरबा के दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में श्रीमद् राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चल रहा है। मानस मर्मज्ञ शंभू शरण लाटा महाराज के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के जीवन से संबंधित प्रसंग की व्याख्या यहां पर की जा रही है। कथा के दूसरे दिन कई प्रसंग सामने आए जिसे श्रोताओं ने काफी गंभीरता से श्रवण किया। 28 नवंबर तक चलने वाली कथा का रसपान करने का आग्रह आयोजन समिति ने लोगों से किया है।

## विविध विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए छात्रों ने



**कोरबा।** न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल द्वारा वार्षिक विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय कुमार गर्ग, एजीएम एनटीपीसी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा को सराहा। इस प्रदर्शनी में 300 से अधिक विज्ञान प्रोजेक्ट तथा 200 से अधिक कला प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जहाँ छात्रों की प्रतिभा, तकनीकी समझ, नवाचार और कलात्मक कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। छात्र दीपांशु सोनी ने शरीर रचना के अंगों पर आधारित मॉडल को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का मूल्यांकन करने हेतु विशिष्ट निर्णायकगण रवींद्र दुबे, श्रीमती मालती जोशी, दीपेश कुमार, डॉ. राजकुमार राठौर, डॉ. संजय गुप्ता, सोनल अग्रवाल, कमल मजूमदार, विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कुसमुण्डा चैम्पियन

**कोरबा।** विश्रामपुर में हुए अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगता में कुसमुण्डा ने दीपका को हराकर विजेता बना। गेवरा एरिया के कोच बाबू सिंह भी खिलाड़ियों को लेकर विश्रामपुर गये हुए थे। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा के सलेक्टर बाबूलाल चंद्रा, मैनेजर दिलीप सिंह, खिलाड़ी डाहरू राम कुर्रे भी प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन समारोह अधिकारियों के साथ-साथ शिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे भी पहुंचे। पिछले वर्ष यह खिताब दीपका को मिला था। इस बार कुसमुण्डा में नये खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। खासकर भू-विस्थापितों के आने से कबड्डी टीम मजबूत हुई है। काफी दिनों से यह खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे, जिसका लाभ उन्हें प्रतियोगिता में मिला। गेवरा के एरिया के कोच बाबू सिंह ने बताया कि यहां के खिलाड़ी भी लगातार तैयारी कर रहे थे। तैयारी के हिसाब से उन्हें जो स्थान मिला है खिलाड़ी संतुष्ट है। आने वाले दिनों में और अभ्यास होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को टीम में शामिल करने की जरूरतर है।

## गुरु तेगबहादुर के बलिदान पर्व पर आज नगर कीर्तन



**कोरबा।** स्थानीय सिख समाज गुरु तेगबहादुर का 350वां बलिदान पर्व 25 नवंबर को परंपरा के साथ जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में मनाएगा। इससे पहले आज रविवार को दोपहर 3 से नगर कीर्तन निकालने के साथ लोगों को इस बारे में जानकारी दी जाएगी। सिख पंथ के 10 गुरुओं में से एक गुरु तेगबहादुर देव का जीवन कई प्रकार के त्याग और समर्पण से भरा हुआ है। उन्होंने धर्म और मानवता के लिए मुख्य रूप से काम किया और कई मूल्य की स्थापना की। वे अपने आदर्शों के लिए प्रतिमान स्थापित करने में सफल रहे और कई अच्छे शिक्षाएं समाज को दी जो अभी भी व्यावहारिक बनी हुई है। 25 नवंबर को उनके बलिदान का स्मरण वैश्विक स्तर पर होगा। इस कड़ी में कोरबा जिले में समाज कार्यक्रम करेगा। इससे पहले आज दोपहर 3 बजे कोरबा की इतवारी बाजार गुरुद्वारा से नगर कीर्तन प्रारंभ होगा। विभिन्न क्षेत्रों में इसका स्वागत सत्कार होगा और निर्धारित समय पर इसकी उपस्थिति ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा में होगी। बताया गया कि 25 नवंबर को बलिदान दिवस पर गुरुद्वारे में अरदास के साथ अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे।

## कांग्रेस की बनेगी निगरानी समिति

**कोरबा।** धान खरीदी केंद्रों में कांग्रेस के द्वारा निगरानी समिति बनाई जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान व सभी ब्लाक अध्यक्ष मिलकर यह समिति बना रहा है। कटघोरा के ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने समिति की सूची बनाकर दे दी है, जिसमें जिम्मेदार लोगों को शामिल किया गया है। क्षेत्रों में कुल 65 धान खरीदी केंद्र है। इन सभी धान खरीदी केंद्रों में समिति बनाकर धान खरीदी का अवलोकन करेंगे, ताकि कहीं पर भी गड़बड़ी न हो। मनोज चौहान ने आगे बताया कि हरदीबाजार क्षेत्र में पुष्पेंद्र शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह दीपका में दिलीप सिंह सहित अन्य ब्लाक अध्यक्षों के साथ बैठक की जा रही है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। समिति के सदस्यों को पूरी बात बताई जा रही है ताकि वे सजग रहे और अपना काम करते रहे।

## सतनाम समिति की बैठक हुई

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में कल सतनाम समिति की बैठक हुई जिसमें गुरूघासी दास जयंती समारोह मनाने पर चर्चा की गई। सतनाम कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे, दरसराम, संजय सोनवानी, विजय आनंद सहित समाज के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी देते हुए सरजू अजय ने बताया कि मानिकपुर से दो बार भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। पहली शोभायात्रा 17 दिसंबर को निकलती है जो मुख्य समारोह में शामिल होती है। सतनाम कल्याण समिति के पूर्व जिला सचिव डॉ. जय लहरे ने बताया कि मुख्य समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर है। आने वाले दिनों में सतनाम कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे, सचिव आरडी भारद्वाज, मनोज मनहर, वरूण धृतलहरे, सचिव कुर्रे, रिंकू आदिले सहित अन्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

# जटगा के बरेलियापारा में गाय को उतारा मौत के घाट

## कटघोरा वन मण्डल में हाथियों का आतंक जारी, अमला नाकाम

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मण्डल में हाथियों का आतंक कम होने की बजाय और भी बड़ता जा रहा है। जहां झूण्ड से अलग हुए दंतैल हाथी ने डीविजन के जटगा रेंज अंतर्गत करगामार गांव में दो बकरियों पर हमला कर उसकी जान ले ली थी। वहीं बीती रात एक अन्य दंतैल ने जटगा के बरेलियापारा में बाड़ी के बाहर बंधे मवेशी (गाय) को मौत के घाट उतार दिया। हाथियों के आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत है।



मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मण्डल के एतमानगर रेंज के पचरा जंगल में काफी दिनों से डेरा डाले हाथियों ने अब बारी-बारी से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। शुक्रवार की रात 10 हाथी झूण्ड से अलग होकर जटगा रेंज के करगामार गांव पहुंच गये थे। वहीं 13 हाथी शनिवार की रात फिर झूण्ड से अलग हुए और करगामार गांव में मौजूद दल में शामिल होकर जटगा पहुंच गये। यहां पहुंचते ही हाथियों ने उत्पात मचाते हुए खेतों में लगे अरहर, उड़द तथा धान की फसल को रौंदने के बाद एक दंतैल हाथी बरेलियापारा पहुंच गया। जहां दंतैल हाथी ने धनसिंह नामक ग्रामीण के घर के बाहर बाड़ी के निकट बंधे मवेशी (गाय) पर हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। जिसकी जानकारी मवेशी मालिक द्वारा वन विभाग को दिये जाने पर वन अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और मृत गाय का पोस्टमार्टम कराने के साथ प्रकरण तैयार कर रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया। इधर कोरबा वनमण्डल के नोनबिर्रा सर्किल में 15 हाथी सक्रिय है और लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का यह दल बीती सर्किल के सेंद्रीपाली गांव में पहुंच गया और वहां भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने कई किसानों के फसल को रौंदकर मटियामेट कर दिया।

# बालको कर रहा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्य

**बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा बालकोनगर में विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण, स्टेडियम पुर्ननिर्माण, जुबली पार्क (सिविक में स्थित) के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न विकास के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे नागरिकों के दैनिक जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन आए। बालको समुदाय के समग्र कल्याण, स्वस्थ जीवनशैली और हरित वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रतिबद्ध है।

कंपनी द्वारा बालकोनगर में सड़कों के चौड़ीकरण और फुटपाथ निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसका उद्देश्य स्थानीय यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध कराना है। चौड़ी सड़कों से वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी। वहीं, नए फुटपाथ बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और दैनिक आवागमन करने वालों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करेंगे। चौड़ी सड़कें, स्वच्छ फुटपाथ और किनारों पर हरियाली का विकास बालकोनगर को अधिक आकर्षक बनाएगा यह विकास कार्य स्थानीय नागरिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिविक सेंटर स्थित जुबली पार्क का



सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से हो रहा है। पार्क में वॉकिंग पाथ, हरित क्षेत्र का विस्तार, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए सुरक्षित खेल उपकरण तथा ऊर्जा-सक्षम प्रकाश व्यवस्था की व्यवस्था की जा रहा है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पार्क के नियमित रख-रखाव के लिए भी विशेष प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। पार्क केवल मनोरंजन का स्थान नहीं, बल्कि लोगों के लिए स्वास्थ्य, विश्राम और सामुदायिक मेलजोल का केंद्र बन सके, इसी उद्देश्य से नया स्वरूप दिया जा रहा है। सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद यह पार्क बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और आनंदमय सार्वजनिक स्थल के रूप में नई पहचान हासिल करेगा। नेहरू उद्यान के सौंदर्यीकरण के उपरांत, स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में सुबह-शाम टहलने, योग करने और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए यहाँ पहुँच रहे हैं। हरियाली, स्वच्छ वातावरण और अत्याधुनिक लाइटिंग की वजह से पार्क पहले से अधिक आकर्षक और सुरक्षित बन गया है। नियमित रूप से टहलने आने वाले लोगों के अनुसार, यह उद्यान अब स्वास्थ्य, विश्राम और मानसिक शांति के लिए एक आदर्श स्थल बन गया है। बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के लिए भी यह स्थान मनोरंजन और सामुदायिक जुड़ाव का केंद्र बन गया है। बालकोनगर में इंडियन कॉफी हाउस स्वाद की नया केंद्र, नवस्थापित इंडियन कॉफी हाउस (आईसीएच) न केवल स्वादिष्ट कॉफी और व्यंजनों का नया केंद्र बना है, बल्कि यह स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों के लिए सामुदायिक मेलजोल का स्थल भी बन गया है। आधुनिक और सौंदर्यपूर्ण वातावरण में विकसित यह कॉफी हाउस लोगों के लिए बातचीत और अनौपचारिक मुलाकातों के लिए सुकून भरा स्थल बन गया है। स्वाद और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध आईसीएच का आगमन टाउनशिप में सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। बालको प्रबंधन सदैव अपने टाउनशिप को बेहतर बनाए रखने हेतु विभिन्न नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयासरत रहा है। नेहरू पार्क परिसर, बालको स्टेडियम, आधुनिक अस्पताल, विद्यालय, हाल ही में खुला नया इंडियन कॉफी हाउस तथा अन्य नागरिक सुविधाएँ नगर के जीवन को समृद्ध बनाती हैं। कंपनी परिवारों के दैनिक जीवन में सुकून और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति प्रदान कर रहा है।

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जारी है गृह संपर्क अभियान

**कोरबा।** अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को बढ़ाने में लगा हुआ है। राष्ट्रीयता की भावना के जागरण पर उसका फोकस है। वर्तमान में कोरबा जिले में गृह संपर्क अभियान जोरशोर जारी है। इसके माध्यम से लोगों को अहम जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आरएसएस का गृह संपर्क अभियान 15 नवंबर से प्रारंभ किया गया है जो 15 दिसंबर तक चलेगा। नगर से लेकर उपनगर, खंड और मंडल स्तर पर इसे क्रियान्वित किया जाना है। पूरे अभियान के संचालन के साथ अधिकतम घरों तक पहुंच बनाने के लिए हजारों की संख्या में टोलियां बनायी गई है। उन्हें भारतमाता के चित्र के साथ आरएसएस के इन वर्षों के सफर पर संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। राष्ट्र और समाज की भूमिका और व्यक्ति की भागीदारी को लेकर उन्हें अवगत कराया जा रहा है। बताया गया कि अगले महीने से शुरू किये जाने वाले रामनाम लेखन महायज्ञ में लोग जुड़े, इसके लिए उन्हें अक्षत के साथ आमंत्रण भी दिया जा रहा है। बताया गया कि इस अभियान की जानकारी प्राप्त होने पर लोग स्वस्फूर्त अपने आपको संलग्न कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले में 3 लाख लोगों तक राम नाम लेखन की पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएगी। इनके माध्यम से प्रत्येक पुस्तक में 12 हजार रामनाम लिखे जाएंगे। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 3.33 खरब रामनाम युक्त पुस्तकें अयोध्या भिजवाई जाएंगी।



राष्ट्रीयता के जागरण पर फोकस







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com